हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 7 मई 2026

तापमान
अधिकतम 39.4 डिग्री
न्यूनतम 26.8 डिग्री




शहर में बिजली बंद होने का असर ट्रैफिक सिग्नल लाइट पर भी पड़ा, सभी चौक-चौराहों की सिग्नल लाइन शाम तक बंद रही।

## खबर संक्षेप

### बैठक स्थगित, आज कुलपति लेंगे प्राचार्यों की क्लास

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी में नए कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया बुधवार को एक बैठक लेने वाले थे जो स्थगित हो गई। अब गुरुवार को बैठक में कुलपति संबद्ध कालेजों के प्राचार्यों की क्लास लेंगे।
अटल यूनिवर्सिटी में बुधवार को कुलपति प्रो. पटेरिया संबद्ध कालेजों के प्राचार्यों की बैठक लेने वाले थे, किन्तु जेम पोर्टल के संबंध में रायपुर से आनलाइन प्रशिक्षण बैठक थी, जिसके कारण यह बैठक स्थगित करनी पड़ी। अब यह बैठक गुरुवार को सुबह 11.30 बजे यूनिवर्सिटी के नए भवन में होगी। इस बैठक में सभी कालेजों के प्राचार्यो एवं उनके प्रतिनिधियों को बुलाया गया है। अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति बनने के बाद प्रो. पटेरिया पहली बार कालेजों के प्राचार्यो की बैठक ले रहे हैं। इस बैठक में सत्र 2025-26 में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, पीजी सेमेस्टर सहित विधि, शिक्षा संकाय, डिप्लोमा परीक्षाओं की तैयारी सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

### सोना सुपुर्दगी में लेने पुलिस की टीम गई मिर्जापुर

**बिलासपुर।** राजकिशोरनगर सराफा व्यापारी से लूट के मामले में जब्त साढ़े तीन किलो सोने के जेवर सुपुर्दनामा में लेने के लिए पुलिस की टीम यूपी मिर्जापुर के लिए रवाना हो गई है। 7 मई को कोर्ट में जेवर सुपुर्दनामा के लिए आवेदन किया जाएगा।
राजकिशोरनगर सराफा व्यापारी संतोष तिवारी पर जानलेवा हमलाकर सोने के जेवर लूट के मामले में यूपी मिर्जापुर पुलिस ने शूटरों को पकड़कर साढ़े तीन किलो सोने के जेवर बरामद किया था। जेवर मिर्जापुर थाने में जमा हैं। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर 6 मई को सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या के नेतृत्व में पुलिस टीम जेवर सुपुर्दनामा में लेने के लिए यूपी मिर्जापुर के लिए रवाना हो गई है। 7 मई को उक्त जेवर सुपुर्दनामा में लेने के लिए न्यालयीन प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### आंधी से उड़ी व्यवस्था : बुधवार की रात तक हजारों घरों में नहीं चालू हो सकी बिजली

# बिजली विभाग फेल: 25 घंटे बेहाल रहे न्यायधानी के लोग


मंगलवार की शाम चली आंधी से उसलापुर नेचर सिटी में सड़क तोड़ते हुए बिजली के तार को चपेट में लेकर गिरे पेड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगलवार की शाम आई आंधी से उड़ी शहरी और ग्रामीण इलाकों की बिजली व्यवस्था बुधवार रात तक सुधर नहीं सकी। बिजली विभाग के अफसर शहर के कई इलाकों में 25 घंटे बाद भी बिजली चालू नहीं करा सके, हजारों घरों में रहने वाले लोग पसीना बहाते रहे। बिजली नहीं होने से शहरी और ग्रामीण इलाकों में पानी के लिए भी हाहाकार मचा रहा।

मंगलवार की शाम 6 बजे अचानक आई आंधी से विद्युत वितरण विभाग के मेंटेनेंस की पोल खोलकर रख दी। आंधी से सड़कों के किनारे सैकड़ों पेड़ टूटकर गिर गए, इससे बिजली के तार टूट गए, कई स्थानों पर खंभे भी टूट गए। शहर के मुख्य क्षेत्र सरकंडा, सरजू बगीचा, गोड़पारा, गोल बाजार, सदरबाजार, चांटापारा, राजेन्द्र नगर, सत्यम चौक, लिंक रोड, अग्रसेन चौक, तालापारा, मगरपारा, जरहाभाठा, मसानगंज, तेलीपारा सहित तोरवा के साथ रेलवे क्षेत्रों की कालोनी में पेड़ गिरने के कारण बिजली तार टूटने से बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ गई। कुछ देर बाद जोन के जूनियर इंजीनियर और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की टीम ने शहर और ग्रामीण एरिया में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करना शुरु किया, रात 2 बजे तेलीपारा, बस स्टैंड, विद्या नगर, विनोबा नगर, करबला, जूना बिलासपुर, गोलबाजार, खपरगंज, गोड़पारा, वीआईपी क्षेत्र राजेन्द्र नगर, बिलासा गर्ल्स कॉलेज, सत्यम चौक सहित आसपास के क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था दुरुस्त कर लाइन शुरु करने से लोगों को थोड़ी राहत मिली, लेकिन शहर के 27 खोली, मसानगंज, सकरी क्षेत्र की दर्जनों कालोनियों में बुधवार की रात तक बिजली चालू नहीं हो सकी थी। शहरी इलाके में रात तक बिजली का आना जाना चालू रहा।

### शहरी इलाके में मंगलवार की रात छाया रहा अंधेरा




### ग्रामीण क्षेत्रों में टूटे पोल

मंगलवार को आई तेज हवाओं के कारण बिजली की व्यवस्था सबसे अधिक ग्रामीण एरिया में प्रभावित हुई। शाम 6 बजे से सीपत, सकरी, उसलापुर, कोटा, तखतपुर, गनियारी, बिल्हा, इंडस्ट्रीयल एरिया तिफरा, यदुनंदन नगर के क्षेत्र और कानन पेंडारी के आसपास के क्षेत्र, मस्तूरी व अन्य गांव में 25 से अधिक बिजली के तार सहित पोल क्षतिग्रस्त हो गए। बारिश के साथ अंधेरा होने की वजह से बिजली विभाग के अफसर और स्टाफ ने क्षतिग्रस्त हुए खंभों और तार को बदलना जरूरी नहीं समझा। बुधवार को दूसरे दिन सुबह से शाम तक बिजली बंद होने के कारण कालोनी और ग्रामीण एरिया के लोग हलाकान होते रहे। शाम 7 बजे तक विभागीय अफसर और स्टाफ ने पहले फेस में 33 केवी और दूसरे फेस में 11 केवी फीडर से सप्लाई होने वाली बिजली व्यवस्था को शुरु किया, जिससे लोगों को काफी राहत भी मिली।

### शहर का रहा बुरा हाल

सरकंडा के अशोक नगर क्षेत्र, मोपका, राजकिशोर नगर, शहर के बीच गोल बाजार, सरजू बगीचा, मसानगंज, सहगल गली, कुदुदण्ड, 27 खोली, मंगला, सिविल लाइन के क्षेत्र, बृहस्पति बाजार, चांटापारा, तालापारा, मगरपारा सहित अन्य स्थानों पर 25 घंटे से अधिक बिजली बंद के कारण लोगों के घर में अंधेरा छाया रहा। बिजली बंद की वजह से लोगों के मोबाइल भी बंद हो गए। वहीं सबसे बड़ी समस्या पानी की भी उठानी पड़ी।

### सैकड़ों पेड़ गिरे

आंधी से शहर और आसपास के क्षेत्रों में सैकड़ों पेड़ और उसकी डंगाल बिजली के तार पर गिर गई थी। तेज हवा के कारण पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए। तत्काल इंजीनियर और स्टाफ को गाड़ी लेकर रवाना होने का आदेश दिया गया। कई स्थानों में काफी दिक्कतें हुई, लेकिन देर रात तक चालू कर दिया गया। वहीं बचे हुए स्थान पर दूसरे दिन शाम तक बिजली व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त कर ली गई है।

- **श्रीनिवास राजू**, अधीक्षण यंत्री, सिटी सर्किल, विद्युत वितरण केन्द्र मर्यादित

## हजारों घरों में नहीं आया पानी, टैंकर से भी सप्लाई नहीं

■ आंधी के कारण बिजली के कई खंभे और तार टूट गए, जल सप्लाई पर असर

मंगलवार की शाम आए आंधी से बिजली के कई खंभे और तार टूट गए। इससे शहर के साथ ही जिले भर में जल सप्लाई पर असर पड़ा। बुधवार दिन भर हजारों घरों में पानी नहीं आया। कालोनियों के साथ ही मोहल्लों के लोग परेशान होते रहे। टैंकरों से भी पानी की सप्लाई नहीं हो सकी क्योंकि पंप हाउस में बिजली दिन भर बंद रही। बिरकोना स्थित ट्रीटमेंट प्लांट में भी परेशानी हुई लेकिन उसे सुधार लिया गया। सुबह से लेकर देर शाम तक अधिकांश घरों में पानी की किल्लत रही और लोग नहाने और दूसरे कामों के लिए परेशान होते रहे। शाम को बिजली व्यवस्था ठीक होने पर निगम की पानी सप्लाई नियमित हो सकी।

बिजली बंद होने के कारण निगम के सभी वाटर पंप बंद हो गए और लोग हलाकार होते रहे। ध्यान रहे कि बिलासपुर शहर के कई वॉर्ड भीषण गर्मी के बीच जल संकट से जूझ रहे हैं और पीने के पानी के लिए भरी दोपहरी में लोगों को टैंकर पहुंचने की प्रतीक्षा करनी पड़ती है। जिले की जीवनरेखा अरपा नदी सूख चुकी है और उसमें नालियों का गंदा पानी बह रहा है, जिसके दोमुंहानी चेक डैम में जमा होने के कारण तटवर्ती क्षेत्रों की बोरिंग में भी गंदा पानी आ रहा है। इधर बुधवार को समस्या और गहरा गई।

### यहां रही अधिक परेशानी

सिरगिट्टी सब-स्टेशन में मरम्मत काम जारी रहा और बिजली 3 बजे के बाद आई। इसके कारण रेलवे लाइन के पार गणेश नगर, चुचुहियापारा, अन्नपूर्णा कालोनी, दया विहार, जीनत फेस 2, नयापारा और महमंद गांव के आस-पास के लोगों को पानी नहीं मिला। निगम के नल-जल विभाग ने भी हाथ खड़े कर दिया कि टैंकर में पानी भरने की व्यवस्था नहीं है क्योंकि पंप हाउस में ही लाइट बंद है। बिजली बंद होने से वार्ड के सभी 21 मोटर पंप बंद हो गए। टंकी पानी से नहीं भर पाई।

### सभी 982 पावर पंप बंद हो गए

बिजली ठप होने से 982 पावर पंप बंद हो गए। इससे हजारों घरों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई। तालापारा, मगरपारा, चिंगराजपारा, खमतराई, बहतराई, राजकिशोर नगर और सरकंडा जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में पेयजल संकट गहरा गया। हालांकि निगम की टीम दिन भर सुधार में लगी रही। निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, अपर आयुक्त खचांजी कुम्हार, जल प्रभारी अनुपम तिवारी और सभी सदस्य मौके पर रहे।


मंगला स्थित भाटिया रेसिडेंसी के फ्लैट में लगी आग।

# देर रात फ्लैट में लगी भीषण आग, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगलवार की रात जहां एक ओर पूरे शहर में ब्लैकआउट था, वहीं दूसरी ओर मंगला स्थित एक अपार्टमेंट के चौथे माले स्थित फ्लैट में आग लग गई। फ्लैट में किसी व्यक्ति के नहीं होने से आग ने भीषण रूप ले लिया और अपार्टमेंट में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। ढाई घण्टे बाद दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया।

5 मई की रात 2.30 बजे सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कि मंगला स्थित भाटिया रेसिडेंसी के चौथे माले में यश रेलवानी का फ्लैट है, उसमें आग लग गई है। सूचना पर पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर गई तो फ्लैट से आग की लपटें बाहर निकल रही थीं और अपार्टमेंट में अफरा तफरी मची हुई थी। लोग पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। कुछ देर बाद एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई। पाइप के सहारे टीम चौथे में माले में जाकर दमकल के पानी से आग बुझाने का प्रयास करने लगी। आग इतनी भीषण थी कि दमकल का पानी खत्म हो जा रहा था। ढाई घण्टे बाद आग पर काबू पाया गया है। बताया जाता है आग से फ्लैट का सारा सामान जल गया है। जिस समय फ्लैट में आग लगी, उस समय वहां कोई नहीं था, बताया जाता है श्री रेलवानी के फ्लैट में इनवर्टर लगा हुआ था। उससे शार्ट सर्किट होने पर आग लगने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, मकान मालिक रेलवानी रात में छोटी बहन की तबयित खराब होने पर इलाज कराने के लिए अस्पताल चले गए थे। उसी दौरान उनके मकान में आग लगी है।

## नेशनल लोक अदालत 9 को

■ पिछली बार 15 लाख से अधिक मामले सुलझे थे

**बिलासपुर।** कोर्ट में लंबे समय से चल रहे मामलों को जल्दी खत्म करने के लिए 9 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत लगाई जाएगी। इस अभियान में ऐसे मामलों को शामिल किया जाएगा, जिन्हें दोनों पक्ष आपसी बातचीत से खत्म करना चाहते हैं। इसके लिए राज्य, जिला और तहसील स्तर पर पहले से बैठकें शुरू हो चुकी हैं। बातचीत और समझौते की प्रक्रिया 21 अप्रैल से चल रही है। कुल 56 बेंचों में हुई सुनवाई में 15 लाख 81 हजार 306 मामलों को लिया गया, जिनमें से 15 लाख 75 हजार 747 मामलों का निराकरण किया गया।

लोक अदालत में कुल 10 अरब 44 करोड़ 71 लाख 44 हजार 434 रुपए (लगभग 1044 करोड़) से अधिक राशि का सेटलमेंट हुआ था। इसमें प्री-लिटिगेशन और लंबित दोनों तरह के मामलों का समाधान शामिल है। साथ ही बैंक रिकवरी से जुड़े 58 हजार 506 मामलों में से 56 हजार 583 का निपटारा किया गया, जिसमें करीब 49 लाख रुपए से ज्यादा की राशि का समझौता हुआ। बिजली बिल से जुड़े मामलों में भी बड़ी संख्या में प्रकरण सुलझाए गए।

धारा 138 (चेक बाउंस) के 1671 मामलों में से 927 का समाधान हुआ, जिसमें 26 करोड़ 25 लाख रुपए से ज्यादा का सेटलमेंट हुआ। वहीं, मोटर दुर्घटना दावा के 374 मामलों में 189 का निपटारा कर 156 करोड़ रुपए से अधिक राशि दिलाई गई थी।







## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स
NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (YOGA) (योगा) | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं, 12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। साथ ही 50 रुपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की तिथि - 10.05.2026**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 11.06.2026**

**प्रति,**
**कार्यसंचालक** (NSDC)
**मॉडर्न इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साईंस** (MIPS)
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**
**कार्य संचालक पैरा मेडिकल कोर्स**

**महोदय,**
..................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।
1. आवेदक का नाम ..................
2. पिता/पति का नाम ..................
3. जन्मतिथि अंकों में ..................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ..................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..................
   मोबाइल नंबर ..................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..................
7. शैक्षणिक योग्यता ..................

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

**नोट : -** (1) आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।

# भावपूर्ण श्रद्धांजली



# स्व. कृष्ण कुमार तिवारी

(जन्म-27 नवंबर 1953 निर्वाण-07 मई 2021)

## की पंचम पुण्यतिथि पर सादर नमन...



अभिनव तिवारी



अनुराग तिवारी

पिता धर्मः पिता स्वर्गः पिता हि परमं तपः।
पितरि प्रीतिमापन्ने प्रीयन्ते सर्वदेवता ।।

**श्रद्धावनत्**

धीरेन्द्र बाजपेयी-मधु बाजपेयी

**व्यथित हृदय**

जगन्नाथ प्रसाद तिवारी (बड़े भाई)
स्मिता तिवारी (पत्नि), अनुपमा-डॉ. रजत तिवारी (पुत्री-दामाद),
अभिनव-पूजा तिवारी (पुत्र-पुत्रवधु), अनुराग-अंकिता तिवारी (पुत्र-पुत्रवधु)
आरना तिवारी, रेयांश तिवारी, युगांश (पौत्र)

**शोकाकुल**

तिवारी परिवार (धनिया डोली)
बाजपेयी परिवार (जांजगीर-चांपा)
समस्त परिजन व मित्रगण

J.J.Ad

**Firm -** • ABHINAV INFRATECH • ANURAG INFRATECH
• ANP CONSTRUCTION BUILDER & DEVELOPER

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 7 मई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



एजुकेशन

## 11वीं-12वीं के छात्रों के लिए स्वयं पोर्टल पर 28 ऑनलाइन पाठ्यक्रम

**बिलासपुर।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित स्वंय पोर्टल के माध्यम से कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न विषयों में ऑनलाइन पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा सत्रहवें चक्र के अंतर्गत 16 अप्रैल से 15 सितंबर 2026 तक 11 विषय क्षेत्रों में कुल 28 ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों की जानकारी एवं नामांकन हेतु विद्यार्थी और शिक्षक पर अवलोकन कर सकते हैं। जिला शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखंडों के विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों का स्वंय पाठ्यक्रमों में अधिक से अधिक नामांकन हेतु प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही संबंधित विषयों के शिक्षकों को भी इन पाठ्यक्रमों में सहभागिता के लिए प्रेरित करने कहा गया है। विद्यालय स्तर पर स्वंय पाठ्यक्रमों की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालयों से विद्यार्थियों के अधिकाधिक नामांकन सुनिश्चित करने तथा इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।




# 10 के बाद एक माह शुभ कार्यों पर लगेगा विराम

इस वर्ष ज्येष्ठ माह में 17 मई से 15 जून तक अधिक मास लगने जा रहा है, जिसके चलते लगभग एक माह तक विवाह, गृह प्रवेश सहित सभी मांगलिक कार्यों पर विराम रहेगा। अधिक मास को अधिमास या पुरुषोत्तम मास के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि इसे अशुभ नहीं माना जाता, फिर भी पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार इस अवधि में शुभ कार्य नहीं किए जाते। एक वर्ष में 12 माह होते हैं, लेकिन कुछ विशेष वर्षों में पंचांग के संतुलन के लिए 13वां महीना जोड़ा जाता है, जिसे अधिक मास कहा जाता है।

**बिलासपुर।** यह प्रक्रिया ऋतु, पर्व और कालगणना के संतुलन को बनाए रखने के लिए आवश्यक मानी जाती है। इस बार यह संयोग ज्येष्ठ माह में बन रहा है। अधिक मास भगवान विष्णु को समर्पित होता है, इसलिए इसे अत्यंत पवित्र और पुण्यदायक माना जाता है। वहीं 10 मई के बाद एक बार फिर महीनेभर के लिए शादी, सगाई, मुंडन, जनेऊ संस्कार करने वालों को अपनी प्लानिंग टालनी होगी।

इस संदर्भ में पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि 17 मई से 15 जून तक अधिक मास यानी पुरुषोत्तम मास प्रभावी रहने वाला है। इस बीच में सभी तरह के शुभ कार्यों पर विराम लगेगा। इसे देखते हुए 7, 8, 10 मई में मिलने वाले बचे हुए मुहूर्त में लोग विवाह उत्सव को प्राथमिकता दे रहे





### पुरुषोत्तम मास में करें भगवान विष्णु की पूजा

पं. शुक्ला ने बताया कि 17 मई से 15 जून तक अधिक मास के रूप में ज्येष्ठ माह प्रभावी रहेगा। पुरुषोत्तम मास में भगवान विष्णु की आराधना, दान, धर्म पालन और सात्विक जीवन का विशेष महत्व है। इस महीने में सूर्योदय से पहले स्नान, श्रीमद्भागवत कथा श्रवण, दीपदान और ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करना चाहिए। इस दौरान व्रत करना, तुलसी पूजा और निस्वार्थ भाव से सेवा करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि भीषण गर्मी के बाद भी धर्मानुरागी कथाओं के साथ धार्मिक अनुष्ठान को ही प्राथमिकता देते हैं।

### 15 दिन फिर मिलेगा शुभ मुहूर्त

बरसात की दस्तक के साथ ही 19, 22, 23, 24, 26, 27, 28 और 29 जून को लोग शादी, सगाई और गृह प्रवेश कर सकेंगे। इसके बाद 1, 3, 4, 6, 7, 8, 9 जुलाई को भी लोगों धार्मिक विधि-विधान से मांगलिक उत्सव के लिए तिथियां मिलने वाली हैं। इसके बाद 16 जुलाई से गुरु अस्त होंगे, यह समयकाल 10 अगस्त तक प्रभावी होगा। इसके बाद 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी, चौमासा आरंभहोगा। वहीं 21 नवंबर को देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह से फिर लग्न मंडप सजाने का अवसर मिलेगा। इसके बाद 21, 24, 25 और 26 नवंबर के साथ ही 2, 3, 4, 5, 11, 12 दिसंबर 2026 तक मांगलिक कार्य होंगे।

## शनि जन्मोत्सव 16 को, सिंह, धनु, कुंभ, मीन वालों के लिए शुभ

ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि पर मनाया जाने वाला शनि जन्मोत्सव इस वर्ष 16 मई को आएगा। इस बार पर्व शनिवार को होने से कई दुर्लभ और शुभसंयोग बन रहे हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को सूर्यपुत्र शनिदेव का जन्म हुआ था, इसलिए इस तिथि को शनि जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। अमावस्या तिथि 16 मई की सुबह 05.11 बजे शुरू होकर 17 मई को रात 01.30 बजे तक रहेगी। उदयातिथि के आधार पर यह पर्व 16 मई को ही मनाया जाएगा।

शनि जन्मोत्सव शनिवार को पड़ने से यह तिथि 'शनैश्चरी अमावस्या' के रूप में जानी जाती है, जो शनि देव की पूजा के लिए अत्यंत फलदायी है मानी जाती। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, इस दिन चंद्रमा राशि परिवर्तन कर वृषभ राशि में प्रवेश करेंगे और रोहिणी नक्षत्र के साथ विशेष संयोग बनाएंगे, जिसे ज्योतिष में दोहरा गोचर के रूप में देखा जाता है। नक्षत्र परिवर्तनः जन्मोत्सव के अगले दिन शनि देव अपने जन्म नक्षत्र रेवती में प्रवेश करेंगे जिससे इस पर्व का महत्व और बढ़ गया है।



करियर में उन्नति, धन लाभ के योग

### राशि अनुसार पूजन-अनुष्ठान

ज्योतिष पं. राजेश चौबे ने बता कि मेष और वृश्चिक राशि वाले हनुमान चालीसा का पाठ करें। वृषभ और तुला राशि के जातक शनि चालीसा का पाठ करें। मिथुन और कन्या राशि वाले ॐ शं शनैश्चराय नमः मंत्र का 108 बार जाप करें। कर्क एवं सिंह राशि के जातक पीपल के पास सरसों तेल का दीपक जलाएं। धनु और मीन राशि वाले शनि देव का सरसों के तेल से अभिषेक करें। मकर और कुंभ राशि वाले दशरथ कृत शनि स्तोत्र पढ़ें।

### इन राशियों के लिए शुभ

पं ने बताया कि वर्ष 2026 में शनिदेव मीन राशि में विराजमान रहेंगे। यह पर्व विशेष रूप से सिंह, धनु, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए अत्यंत शुभ रहने वाला है। इन राशियों के जातकों को करियर में उन्नति और धन लाभ के योग बनेंगे। कुंभ, मीन और मेष राशि वालों को शनिदेव का पूजन करना चाहिए। धनु- सिंह पर ढैय्या का मिलजुला प्रभाव रहेगा।

संगोष्ठी

## देश की सुरक्षा के लिए पहचाने अपनी शक्ति को : आलोक



**बिलासपुर।** श्री सिंधु अमरधाम आश्रम चकरभाटा में समाज के प्रबुद्ध वर्ग के साथ एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि देश व अपने परिवार की सुरक्षा के लिए आगे बढ़ कर अपनी शक्ति को पहचानना होगा। अपने बच्चों को धार्मिक ज्ञान देकर उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना व मजबूत करना होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया। पूर्व अध्यक्ष प्रकाश जैसवानी ने झूलेलाल मंदिर के बारे में जानकारी दी और भगवान झूलेलाल के जीवन पर प्रकाश डाला। पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत बिलासपुर के अध्यक्ष विनोद मेघानी सहित सभी अतिथियों का बाबा गुरमुख दास सेवा समिति ने स्वागत किया। विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि हिंदुओं को संगठित होने की आवश्यकता है। आज पूरे विश्व में जिस तरह आतंक और युद्ध का माहौल चल रहा है। उससे हमें भी अपनी शक्ति को बढ़ाना होगा। अखंड भारत के समय जो हमारी शक्ति थी। हम विश्व गुरु थे। आज वह कहीं न कहीं उसमें असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि आज का हिंदू जाग उठा है। जरूरत संगठित हो कर अपनी शक्ति को पहचानने की है। जिस दिन हम एक हो जाएंगे पूरी दुनिया की कोई भी ताकत हमें हरा नहीं पाएगी। सिंध सिंधियों का है और एक दिन भारत में विलय जरूर होगा। पूज्य सांईं के परिकरों ने सिंधु अमरधाम आश्रम में होने वाले कार्यक्रमों और पूज्य सांईं ने सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर यात्राओं के बारे में बताया। अंत में झूलेलाल मंदिर में नित्य समय होने वाले कार्यक्रमों के बारे में प्रकाशित एक पत्रिका का विमोचन भी किया गया।





## संकष्टी चतुर्थी पर गणेश मंदिरों में विशेष पूजन, अभिषेक



**बिलासपुर।** शहर के रेल्वे, राममंदिर तिलकनगर स्थित गणेश मंदिरों में संकष्टी चतुर्थी पर विशेष पूजन, अभिषेक किया गया। अंत में आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया।

राममंदिर तिलकनगर में कुल 624 भक्तों ने संकष्टी चतुर्थी का अभिषेक कराया। किशोर राव काले ने भगवान का श्रृंगार करवाया। अभिषेक, पूजन का कार्यक्रम आचार्य मधुसुदन अड़वे, उदय वारे, मनोज दिघ्रस्कर, वेंकटेश पाटिल, चिन्मय चिंचोलकर ने संपन्न कराया। सभी भक्तों को प्रसाद के रूप में चने का वितरण किया गया। अभिषेक हेतु रसीद कटवाने वालों के लिए प्रसाद व्यवस्था पूर्ववत रही।

राम मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि पुरूषोत्तम मास में 31 मई पूर्णिमा को सामूहिक सत्यनाराण कथा कराई जाएगी। सभी लोगों से पूजन, कथा में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

### सहस्त्रनाम अर्चना कर की गई आरती

श्री सुमुख गणेश मंदिर रेल्वे में संकष्टी चतुर्थी पूजा श्रद्धा व उत्साह से की गई। दिन मंगलवार होने के कारण इसे अंगारिका चतुर्थी भी कहा जाता है। इसी के चलते इसका महत्व भी अधिक रहा। इस कारण सुबह से ही भक्तजनों की भीड़ अधिक रही। प्रातः 6 से साढ़े 7 बजे तक गणपति हवन, प्रातः 8 से साढ़े 9 बजे तक अभिषेक, अलंकार, सहस्त्रनाम अर्चना कर आरती की गई। श्रद्धालु, भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। शाम 6 से साढ़े 7 बजे तक अभिषेक, अलंकार, सहस्त्रनाम अर्चना कर आरती की गई। इसके बाद चुड़ल का प्रसाद जिसका भक्तजनों को बेसब्री से इंतजार रहता है, बांटा गया।

## सकारात्मक शब्द बच्चों के लिए बनते हैं आशीर्वाद



- राजयोग भवन में चल रहा पेरेंटिंग विथ वैल्यूज शिविर



**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में आयोजित पेरेंटिंग विथ वैल्यूज शिविर में सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा कि आज एकाकी परिवारों के बढ़ने और सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के कारण बच्चे अंदर से खालीपन महसूस कर रहे हैं। यदि घर का माहौल नकारात्मक होगा, तो यह खालीपन और गहरा हो जाएगा।

स्वाती बहन ने बताया कि स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन संभव है। इसका अर्थ यही है कि जब माता-पिता अपने भीतर के खालीपन को सकारात्मक विचारों से भरेंगे, तभी वे बच्चों को एक सुरक्षित और खुशहाल माहौल दे पाएंगे। घर में होने वाले आपसी विवादों और नकारात्मक बातचीत पर पूरी तरह विराम लगाना होगा, क्योंकि बच्चे हमारे कहे को नहीं, बल्कि हमारे किए को आत्मसात करते हैं। बच्चे की कमियों को बार-बार बताने के बजाय, उसकी छोटी-छोटी अच्छाइयों को सराहें। सकारात्मक प्रोत्साहन से बच्चों का आत्मविश्वास कई गुना बढ़ जाता है। माता-पिता को बच्चों से बात करते समय क्रोध या चिड़चिड़ाहट के शब्दों के प्रयोग से बचना चाहिए। मुंह से निकले सकारात्मक शब्द बच्चों के लिए आशीर्वाद का काम करता है। जब बच्चा कोई गलती करें, तो उस पर चिल्लाने के बजाय बेहद शांत मन से संवाद करें।

### राजयोग मेडिटेशन अपनाने संकल्प

बीके स्वाति दीदी ने कहा कि बिना आत्मिक शक्ति के हर समय सकारात्मक बने रहना बेहद कठिन है। इसके समाधान के रूप में उन्होंने उपस्थित सभी पालकों को प्रतिदिन सहज राजयोग मेडिटेशन अपनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने समझाया कि ध्यान के माध्यम से हम सीधे परमात्मा से शांति, प्रेम और पवित्रता की किरणें प्राप्त करते हैं। जब माता-पिता स्वयं को इस ईश्वरीय ऊर्जा से चार्ज करेंगे, तो उनके स्वभाव का तनाव स्वतः समाप्त हो जाएगा।

आयोजन

## लायंस क्लब मिडटाउन को बैनर प्रेजेंटेशन, स्क्रैप बुक में मिला अवार्ड



**बिलासपुर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल में डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के अंतर्गत रीजन-4 की रीजन कांफ्रेंस का आयोजन रीजन चेयरपरसन बी महेश कुमार ने त्रिपुंड में किया। इसमें सूर्यप्रभा, अनिमेष एवं अपने पूरे परिवार के साथ रीजन चेयरपरसन ने लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन को विभिन्न कैटेगिरी में कई अवार्ड से सम्मानित किया। बैनर प्रेजेंटेशन एवं स्क्रैप बुक फोटो एलबम में क्लब को प्रथम अवार्ड प्राप्त हुआ। मैक्जिमम एक्टिविटीज, डायबिटिक हेल्थ कैंप, बेस्ट मीडिया रिपोर्टिंग, मेंटल हेल्थ एक्टिविटीज, कल्चरल वीक अवार्ड, पर्यावरण एक्टिविटीज, मैक्जिमम रजिस्ट्रेशन एवं अटेंडेंस के साथ व्यक्तिगत अवार्ड में एक्सीलेंट अध्यक्ष अवार्ड आरती साहू, सर्वश्रेष्ठ सचिव नीना गरेवाल, सर्वश्रेष्ठ कोषाध्यक्ष रचना ताम्रकार, एमजेएफ अवार्ड सुधा साव, हेमलता अग्रवाल, माइक्रो चेयरपरसन अवार्ड सुधा साव, संध्या पांडेय, सुलोचना सिंह, आरती अम्बष्ट, डिस्ट्रिक्ट चेयर परसन अवार्ड प्रीत प्रसाद, जागरूकता व योगदान अवार्ड सुधा साव, शशि आहूजा, कुसुम गोयल, आत्मीय अवार्ड उषा तिवारी, सावित्री मिश्रा, शंपा दत्ता, कस्तूरी सेठी, सुमन गुप्ता, अंजिता उपाध्याय, सुचित्रा साव, जीत उपवेजा, सुधा साव को प्राप्त हुआ।

कार्नर न्यूज

रामा वर्ल्ड में चरण-पादुका पूजन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# घर में संस्कार, सेवा, श्रद्धा का जलाएं दीप : स्वामी रामभद्राचार्य

तुलसी पीठाधीश्वर, पद्मविभूषण जगदगुरु स्वामी रामभद्राचार्य का बुधवार को बिलासपुर आगमन हुआ। समाजसेवी प्रवीण झा के रामावर्ल्ड स्थित निवास पर भक्तों को संबोधित करते हुए, स्वामी जी ने कहा कि जिस घर में संस्कार, सेवा और श्रद्धा का दीप प्रज्वलित होता है, वहां स्वयं ईश्वर का निवास होता है। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज के प्रति समर्पण ही सच्ची साधना है।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वामी जी ने प्रवीण झा परिवार की धार्मिक आस्था और सामाजिक सेवा की सराहना करते हुए उन्हें सदैव इसी मार्ग पर अग्रसर रहने का आशीर्वाद दिया। इससे पहले वैदिक मंत्रोच्चार, पुष्पवर्षा और भजन-कीर्तन के बीच स्वामी जी का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद चरण-पादुका पूजन का दिव्य आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें प्रवीण झा ने सपत्नीक पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। परिवार, मित्रों और उपस्थित श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से पूजन कर आध्यात्मिक अनुभूति का लाभ लिया। पूरे रामा वर्ल्ड परिसर कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों ने माहौल को और भी आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम में एसईसीएल के सीवीओ हिमांशु जैन, रामप्रताप सिंह, रौशन सिंह, ललित पुजारा, विकास केजरीवाल, विनोद मित्तल, गणेश गिरी, रोहित अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, ए.के. कंठ, अशोक झा, राजा अवस्थी, हरिशंकर कुशवाहा, चंद्र किशोर प्रसाद, अजीत पंडित, शैलेंद्र सिंह, राजीव गिरी, सोनवान सिंह यादव, सन्नी गिरी, मुकेश झा, प्रवीण भट्टाचार्य, शशि मिश्रा, मिथिलेश ठाकुर, ए.के. पांडे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### कौन हैं स्वामी श्रीरामभद्राचार्य

जगतगुरु स्वामी श्रीरामभद्राचार्य देश के सुप्रसिद्ध संत, रामकथा व्यास और आध्यात्मिक चिंतक हैं। वे भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और मानव सेवा को जीवन का आधार मानते हैं। उनके प्रवचन देशभर में लाखों लोगों को धर्म, संस्कार और सकारात्मक जीवन की प्रेरणा देते हैं।

### जीवन का अविस्मरणीय क्षणः झा

समाजसेवी प्रवीण झा ने कहा कि स्वामी जी का उनके निवास पर आगमन उनके परिवार के लिए सौभाग्य का विषय है। चरण-पादुका पूजन के दौरान मिली आत्मिक शांति को शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि संतों का सानिध्य जीवन को सही दिशा देता है।

सामाजिक कार्यकर्ता रौशन सिंह ने कहा कि स्वामी जी के दर्शन मात्र से मन को अद्भुत शांति मिली। उनके अनुसार आज की व्यस्त जीवनशैली में ऐसे आयोजन मानसिक संतुलन और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं।

## खबर संक्षेप

### इंद्रजीत का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बिल्हा।** शासकीय सूरजमल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिल्हा के कक्षा 12वीं के कला संकाय के छात्र इंद्रजीत सिंह ने बोर्ड परीक्षा में 83.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर संस्था की प्राचार्य संगीता कुशवाहा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं प्रसन्नता व्यक्त की।

### कार ने दुपहिया सवार को मारी टक्कर, मामला दर्ज

**तखतपुर।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार चालक ने दुपहिया वाहन सवार को टक्कर मार दी। शिकायत आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलपान निवासी मुस्कान जांगड़े ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 4 मई को वह अपना मां अशोका बाई जांगड़े को अपनी मोटर सायकल सीजी 10 बीएल 3582 पर बैठाकर बेलपान से सिरसहा के लिए निकला था। रास्ते में शाम 5.50 बजे एक स्विफ्ट कार सीजी 10 बीएल 4815 के चालक तेज गति एवं लापरवाही पूर्वकवाहन चलाते हुए उसकी उसकी दुपहिया को पीछे से टक्कर मार दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ 125ए, 281 के तहत अपराध दर्ज कर लिया।

### ऑपरेशन मुस्कानः अप्रैल में 94 गुमशुदा दस्तयाब

**मुंगेली।** जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में गुमशुदा व्यक्तियों एवं बच्चों की पतासाजी हेतु विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के फलस्वरूप 1 से 30 अप्रैल तक ऑपरेशन मुस्कान के तहत 29 बालिका, गुमशुदा 48 महिला एवं 17 पुरुषों कुल 94 को विशेष अभियान के तहत सकुशल दस्तयाब किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देश पर 1 से 30 अप्रैल तक 'ऑपरेशन मुस्कान' को प्राथमिकता देते हुए सुनियोजित एवं प्रभावी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान जिले के सभी थाना प्रभारियों को लंबित गुमशुदगी प्रकरणों की समीक्षा करते हुयए पुलिस टीमों का गठन कर उन्हें अलग-अलग स्थानों पर रवाना किया गया। पुलिस टीमों ने गुमशुदा व्यक्तियों की जानकारी एकत्रित कर उनके संभावित स्थानों पर लगातार खोजबीन की जा रही थी।

## निधन

### अविनाश धर शर्मा



**बिलासपुर।** अविनाश धर शर्मा (दीवान) का 69 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वे नयनतारा शर्मा कॉलेज के संस्थापक और दिवंगत डा. शीतल धर दीवान के छोटे बेटे, चंद्रहास धर दीवान के भाई, प्रांजल और पल्लवी के पिता थे।

### राकेश शर्मा

**बिलासपुर।** टिकरापारा निवासी (किरना वाले) राकेश शर्मा पिता स्व. देवनारायण शर्मा का 66 वर्ष की आयु में 5 मई को हैदराबाद में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 मई को प्रातः 11 बजे मधुबन मुक्तिधाम, दयालबंद में किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी नीलिमा, पुत्र अजिंक्य व पुत्री अंशिका समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे राजीव शर्मा के बड़े भाई थे।

## सुशासन तिहार: गंगद्वारी शिविर में 20 करोड़ के विकास कार्यों की घोषणा

# जनता की समस्याओं का हो रहा समाधानः धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया



सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम गंगद्वारी में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं के समाधान और योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। शिविर में 25 ग्राम पंचायतों के क्लस्टर से 1 हजार 273 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके प्रभावी और समयबद्ध निराकरण की प्रक्रिया जारी है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई, वहीं स्वास्थ्य विभाग ने जांच कर दवाइयों का वितरण किया।

इस दौरान बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, जिला पंचायत सभापति अनीला देवेंद्र राजपूत, कलेक्टर कुन्दन कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में मुख्य अतिथि धरमलाल कौशिक ने कहा कि, सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाएं सीधे जनता तक पहुंच रही हैं, और उनकी समस्याओं का निरंतर समाधान हो रहा है। उन्होंने शिविर में ड्राइविंग लाइसेंस, आधार और आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाएं मौके पर उपलब्ध कराए जाने से जनता को सुविधा होने की बात कही। जिला पंचायत सभापति अनिला देवेंद्र राजपूत ने कहा कि, राज्य शासन और केंद्र सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में निरन्तर सुधार हो रहा है, जिला भाजपा उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने सुशासन तिहार को भाजपा सरकार की जनोउन्मुखी प्रयास कहते हुए सीधे आमजनता को से संवाद का माध्यम बताया। शिविर में जिला पंचायत सभापति अनीला देवेंद्र राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, पथरिया मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत ,लौदा मण्डल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी, महामंत्री बलराम जायसवाल, भाजपा नेता निश्चल गुप्ता, जनपद अध्यक्ष चित्ररेखा मनीष जांगड़े, जनपद उपाध्यक्ष दीपिका चंद्रशेखर कौशिक, सभापति जगदीश वर्मा, सुखदेव वर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, युवा मोर्चा जिला महामंत्री राजेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष रविन्द्र बघेल, लोकेश साहू, नगर पंचायत सभपति मेलाराम डडसेना, गगदवारी सरपंच राकेश श्रीवास सहित 25 ग्राम पंचायतों के सरपंच और क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### 20 करोड़ की घोषणाएं

धरमलाल कौशिक ने गंगद्वारी में शेड निर्माण, पंचायत भवन एवं कलार जेवरा से बेलखुरी सड़क निर्माण के लिए 15-15 लाख रुपए, पकरिया पंचायत भवन के लिए 22 लाख रुपए की घोषणा की। साथ ही क्षेत्र में लगभग 20 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति, नए विद्युत सब-स्टेशन और सड़कों के निर्माण की जानकारी दी। इसके लिए सरपंच राकेश श्रीवास ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### मिला योजनाओं का लाभ

शिविर में 46 लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन, 11 को राशन कार्ड, 40 श्रमिक पंजीयन, 10 पीएम आवास हितग्राहियों को चाबी, 23 जॉब कार्ड, 08 आयुष्मान कार्ड सहित कई हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ वितरित किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि, शासन की योजनाओं का पारदर्शी और समयबद्ध लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सुशासन है।



## लक्ष्य शिविर के तीसरे दिन बच्चों ने जाना कर्म -फल का रहस्य

**मस्तूरी।** ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र स्थित प्रभु-अनुराग भवन में आयोजित 7-दिवसीय ' लक्ष्य ' बाल संस्कार शिविर का तीसरे दिन बच्चों में ध्यान मेडिटेशन,प्राणायाम सीखने का उमंग उत्साह बढ़ता दिखाई दिया।

मेडिटेशन मन को सशक्त और शांत बनाता हैं । ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी मेडिटेशन अर्थात ध्यान के लिए मन और बुद्धि को किस प्रकार एकाग्र करने की आवश्यकता है इस पर समझते हुए कहा कि मन का कार्य है सोचना1 मन एक फैक्ट्री की तरह है जो निरंतर विचार रूपी प्रोडक्ट बनता है1 मन में कभी अच्छे विचार आते हैं कभी बुरे विचार आते हैं मन को सकारात्मक दिशा निर्देश देने का कार्य करता है मेडिटेशन1 प्रैक्टिकल अभ्यास कराके बच्चों को सरलतम स्वरूप से समझाया गया। गीता श्लोक के द्वारा सात्विक व संतुलित आहार की प्रेरणा दी गई1 दीदी जी ने बतलाया कि गीता में तीन प्रकार के आहार का वर्णन आता है सात्विक राजसिक और तामसिक ठीक उसी प्रकार जीवन में यज्ञ तप दान भी तीन तीन प्रकार के होते हैं ₹आहारस त्व अपि सर्वस्य त्रिविधो भवति प्रियः₹ गीता श्लोक बच्चों नें कंठस्थ किया। कहानी के द्वारा श्रेष्ठ कर्म करने की प्रेरणा दी गई राजयोग शिक्षिका बीके शशिप्रभा दीदी ने चित्रगुप्त नारद की कहानी सुनाते हुए बच्चों को समझाया कि हमारे हर कर्मों का चित्र भगवान गुप्त रीति से खींचते हैं और हमारे हर एक छोटे से छोटे कार्य का,विचार का,कर्मों का हिसाब किताब लेखा जोखा बनता है इसके प्रभाव को फल स्वरुप मनुष्य को भोगना ही पड़ता है1 हमें जो कुछ भी प्राप्त होता है हम पूर्व जन्मों को भूल चुके हैं परंतु जो भी जीवन में घटनाएं घटित होती है दुख सुख की प्राप्ति होती है उसके पीछे हमारे पूर्व जन्मों के कर्मों का प्रभाव है1 दो गहरे दोस्त की कहानी के माध्यम से दीदी जी ने कर्म फल के प्रभाव को स्पष्ट किया1 दीदी ने समझाया कि हमारे पुण्य कर्म और दुआएं हमें बड़ी परिस्थितियों में भी सुरक्षित रखती हैं किसी भी छोटे या बड़े जीव की हत्या भी महा पाप है कभी भी हमें किसी भी जीव की हत्या का कारण नहीं बनना चाहिए1

■ मन को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करता है मेडिटेशनः शशिप्रभा



## दानवीर भामाशाह भवन का उद्घाटन, 25 ने किया रक्तदान

**बोदरी।** नगर पालिका परिषद बोदरी में दानवीर भामाशाह भवन का उद्घाटन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनील साहू के साथ लगभग 25 लोगों ने रक्तदान कर मानवता और सेवा का प्रेरणादायक संदेश दिया। सुनील साहू ने कहा कि, रक्तदान महादान है, इससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिलता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण शाव एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक रहे। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद कसडोल विधायक संदीप साहू ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि, ऐसे कार्य समाज में सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने दानवीर भामाशाह के आदर्शों को स्मरण करते हुए सेवा, त्याग और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। साथ ही, भवन के निर्माण को क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया। नगरवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता और एकता को बढ़ावा देते हैं।

## अनाथ बैगा बच्चों से मिलने पहुंचे अटल, दी आर्थिक मदद

परिवारजनों से इनके लालन-पालन के लिए आगे की व्यवस्था की जानकारी ली



**बिलासपुर।** कोटा विधानसभा के बेलगहना ब्लॉक की ग्राम पंचायत खोंगसरा के तुमाडबरापारा पहुंचकर विधायक अटल श्रीवास्तव ने 35 वर्षीय स्व धनमती बैगा पति सुखसिंह बैगा के दोनों बच्चो रामप्रसाद बैगा 7 वर्ष, कमोदिनी बैगा 2.5 वर्ष से मुलाकात की एवं उपस्थित परिवारजनों से इनके लालन-पालन के लिए आगे की व्यवस्था की जानकारी ली।

गत दिनों बैगा आदिवासी महिला स्व धनमती बैगा की डायरिया से मौत हो गई थी, पति सुख सिंह की 1 साल पहले मौत हो चुकी है। माता-पिता की मौत के बाद दोनों बच्चे रामप्रसाद और कमोदिनी अनाथ हो गए, जिसकी जानकारी मिलने पर विधायक अटल श्रीवास्तव बुधवार को उनके घर पहुंचे एवं वर्तमान व्यवस्था एवं लालन-पालन हेतु 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही उन्होंने परिवारजनों को आगे की व्यवस्था हेतु हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। विधायक अटल श्रीवास्तव ने बताया कि, इस अवसर पर ग्रामीणों ने जानकारी दी कि, खोंगसरा उप स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नहीं रहता और न ही इलाज की कोई व्यवस्था है। ग्रामीणों की बात पर विधायक अटल श्रीवास्तव ने जिला चिकित्सा अधिकारी फोन के माध्यम से निर्देशित किया कि, उप स्वास्थ्य केंद्र को प्रॉपर चलाया जाए, स्टाफ रखा जाए और इलाज की समुचित एवं आवश्यक व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर विधायक के साथ बेलगहना ब्लॉक कांग्रेस कमेंटी अध्यक्ष अश्वनी उद्देश्य, विधायक प्रतिनिधि शिवदत्त पाण्डेय, कांग्रेस पदाधिकारी लाला निर्मलकर, मोहम्मद अजहर खान, रवि सिंह, शिवा सिंह, मोनू दास, चितरंजन शर्मा, हेमंत गुप्ता, जायद खान, हेमंत, प्रमोद यादव, संतराम, सचिन केशरवानी, धनीराम, देवलाल, गोवर्धन, जुगनु, किर्ती मरकाम, स्वराज पटेल, मधुसुदन, बलराम मरावी, दिलीप जायसवाल, राज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## कौड़िया में विकास कार्यों का भूमिपूजन



**मस्तूरी।** जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कौड़िया में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत निधि से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चंद्रप्रकाश सूर्या एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी उपस्थित रहीं।

इनके साथ कौड़िया सरपंच सरिता धनेश्वर साहू, जनपद सदस्य उषा देवी कैवर्थ, भगवत प्रसाद यादव,संजू महाराज, कृष्ण कुमार भट्ट,बाबूलाल पटेल, तिहारू ध्रुव, पंच रामू दास मानिकपुरी, गायत्री देवी, शकुंतला गंधर्व, राजीन बाई, रेवती बाई,लक्ष्मी सोनवानी, शैली बाई,राजेश्वरी यादव, राजेश सोनी, साधमति सतनामी, हर प्रसाद राठौर, भुनेश्वरी दीदी, पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। भूमि पूजन के तहत गांव में रनिंग वॉटर सहित बोर खनन, सीसी रोड, पुलिया, रंगमंच निर्माण सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों की शुरुआत की गई। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामवासियों को सड़क, पानी एवं आवागमन की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि, ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है, और पंचायत स्तर पर मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में भी इसी तरह विकास कार्यों को गति दी जाएगी। ग्रामीणों ने भी इन कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, इससे गांव के विकास को नई दिशा मिलेगी।

## बांध में मिला ग्रामीण का शव, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी





ग्राम खुड़िया के राजीव गांधी जलाशय बरहागुड़ा नासी के पास पानी में अधेड़ की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक दो दिन पूर्व में घर से मछली मारने घर से निकला था। पुलिस मर्ग कायम कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 5 मई को सुबह ग्रामीणों ने ग्राम खुड़यि चौकी क्षेत्रान्तर्गत बांध के वेस्टवेयर क्षेत्र के बरहागुड़ा नासी के पास पानी के अंदर एक अज्ञात पुरुष की लाश की खबर मिलने की सूचना चौकी प्रभारी को दी गई। सूचना पर पुलिस हरकत में आई और घटना स्थल पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की गई।

बुधवार देर शाम ग्रामीणों ने शव की शिनाख्त ग्राम खुड़यि रपटापारा निवासी बोधिराम टेकाम 45 वर्ष पिता भरत टेकाम के रूप में की। पुलिस ने बताया कि मृतक 4 मई को देर शाम मछली आखेट करने घर से निकला था, जिसकी लाश आज बांध में मिली है। शव से करीब 100 मीटर दूरी पत्थर पर एक लाल रंग का शर्ट, 2 नग चाबी, काला रंग का एक जोड़ी 2 नग चप्पल बरामद किया गया है। साथ ही लावारिस हालत में पड़ी मछली मारने की सफेद रंग की जाली पुलिस ने बरामद की है। माधव टांडिया, खुड़िया चौकी प्रभारी ने बताया कि सुबह 11 बजे अज्ञात व्यक्ति का शव खुड़िया बांध से बाहर निकलवा कर देर शाम शिनाख्त कर पंचनामा कर पीएम के लिए रवाना किया गया।

## मेडिकल स्टोर्स की जांच, 2 को कारण बताओ नोटिस



**मुंगेली।** औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने जिले के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स में स्वापक एवं मनर्प्रभावी औषधियों के क्रय–विक्रय से संबंधित अभिलेखों की जांच की। निरीक्षण के दौरान नियमानुसार दस्तावेजों का संधारण नहीं पाए जाने पर 2 संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। आइसक्रीम विक्रेताओं, होटल एवं रेस्टोरेंट्स में भी औचक निरीक्षण किया गया। शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों में 16 स्थानों पर जांच करते हुए आइसक्रीम के नमूने संग्रहित किए गए, जिन्हें गुणवत्ता परीक्षण हेतु भेजा जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, तापमान नियंत्रित रखने और आवश्यक खाद्य पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने नागरिकों से खाद्य पदार्थ, विशेषकर आइसक्रीम खरीदते समय निर्माण एवं समाप्ति तिथि अवश्य जांचने तथा खराब या खुली पैकेजिंग वाले उत्पादों से बचने की समझाइश दी है। वहीं दवा विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे औषधियों की खरीद केवल अधिकृत होलसेलर से करें और डिजिटल माध्यम से भुगतान सुनिश्चित करें।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान-2026 का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं शासकीय योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से 'विकसित कृषि संकल्प अभियान-2026' का शुभारंभ किया गया।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में 5 मई से 20 मई तक चलने वाले इस अभियान के तहत अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान के माध्यम से किसानों को खरीफ सीजन की तैयारी, उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक उपयोग, आधुनिक कृषि तकनीक एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

साथ ही किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उर्वरक उपयोग करने तथा फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकों से अवगत कराया जाएगा। अभियान के तहत विशेषज्ञों की टीम गांव–गांव पहुंचकर किसानों को मार्गदर्शन प्रदान करेगी। इसके अलावा दलहन, तिलहन व अन्य फसलों के उत्पादन बढ़ाने के उपाय भी बताए जाएंगे। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना सहित अन्य लाभकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें अधिक से अधिक लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क. /ब-121/2025-26
ग्राम जरौंधा तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजीव पाण्डेय पिता श्री दिनेश पाण्डेय निवासी ग्राम जरौंधा प0ह0नं0 25 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ0ग0 के द्वारा अपने स्वयं के लियआर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्लू एस) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनाक 11/05/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 28/04/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तखतपुर

**न्यायालय कार्यपालिक दंडाधिकारी तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. (पेपर प्रकाशन)**
**- ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र.
ग्राम मोछ प.ह.नं.
तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

प्रति,
प्रमोद कुमार विश्वकर्मा
बनाम छ.ग. शासन

एतद द्वारा ग्राम मोछ तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रमोद कुमार विश्वकर्मा पिता झाडूराम विश्वकर्मा जाति लोहार निवासी मोछ तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपनी माता का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण वर्तमान में अपनी माता का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अपनी माता सोनकुंवर विश्वकर्मा का मृत्यु दिनांक 17/01/2016 को ग्राम मोछ तह. तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में होने का हवाला देते हुए अपने माता का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में न्यायालय कार्यपालिका दण्डाधिकारी तखतपुर में मामला विचाराधीन है जिसमे दिनांक 12/05/2026 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तखतपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार-2 एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

// ईश्तहार//

क्रमांक/Q/ना.तह./वा./2026
बिलासपुर दिनांक27/04/2026

ग्राम जरहाभाठा के सर्व साधारण/ आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जरहाभाठा प.ह.न. 38 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 98/17 रकबा 0.04 एकड़ भूमि की अभिलेख सुधार के लिए श्री रूप कुमार वगैरह आ. स्व. खेलन दास निवासी जरहाभाठा द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 12/05/26 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 27/04/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**समक्ष श्रीमान नोटरी सिविल बिलासपुर (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं तरनप्रीत कौर छाबड़ा, उम्र 18 वर्ष, पिता बलबीर सिंह छाबडा, निवासी- गोंडपारा गुरुद्वारा के पास, बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूं जो निम्न लिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूं कि- 1. यह कि मेरा नाम एवं पता सत्य व सही है। 2. यह कि मेरे नाम पर भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा-व्यापार विहार बिलासपुर में संचालित है, जिसका पॉलिसी क्रं. 386202750 संचालित है, जिसमें मेरा घरेलू नाम सिमरन छाबडा दर्ज है। 3. यह कि मेरे आधार कार्ड क्र. 6055 6603 8507 एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा गोंडपारा में खाता क्रं. संचालित है, जिसमें मेरा नाम तरनप्रीत कौर छाबडा दर्ज है, और मैं उसी नाम से जानी व पहचानी जाती हूं। 4. यह कि मेरा अनुरोध है कि मेरे पॉलिसी में दर्ज नाम सिमरन छाबडा के स्थान पर तरनप्रीत कौर छाबडा दर्ज किया जावे। 5. यह कि मेरे नाम के समर्थन में आवश्यक स्तावेज प्रस्तुत है। 6. यह कि तरनप्रीत कौर छाबडा एवं सिमनरन छाबडा ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है, किसी अन्य का नाम नहीं है। 7. अतः यह शपथ पत्र उरोक्त कथनों के समर्थन में आपके समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

शपथकर्ता तरनप्रीत कौर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमसेना उप तहसील सकर्रा तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ रार.नि./ अमसेना
दिनांक 29/4/2026

प्रति, रामकुमार साहू पिता मुखीराम, प्रेमकली पिता मु, रामारियल स्टैट, राजीव अग्रवाल पिता रामचन्द्र, परस पिता केदारनाथ, गौरीशंकर पिता छेदीलाल अनिल तोलानी पिता लक्ष्मण दास बिसाहू साहू विष्णु मोहन साहू, चरक अग्रवाल। अन्य हितबद्ध पक्षकार ख.न. 322 के समस्त ।

विषयः सीमाकन / मौका जाँच / नक्सा बटाकन के समय उपस्थित रहने बावत !

संदर्भः न्यायालय तह. सकरी क्रमांक/क/ तह/ रीडर/2026 दिनांक 20/2/2026

ग्राम सैदा प.ह.न. 4. रा.नि.म. अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग) आवेदक राम कुमार साहू पिता मुखीराम के द्वारा खसरा नंबर 322/11 रकबा 0.028 के सीमाकन/मौका जाँच/ नक्सा बटाकन हेतु तहसीलदार/ नायब तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है उपरोक्त संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में भूमि का सीमाकन/मौका जाँच/नक्सा बटाकन की कार्यवाही दिनांक 9/5/2026 और समय 9 बजे को किया जायेगा जिसमे आपकी उपस्थिति अनिवार्य है

अतः आप उक्त तिथी को नियत समय पर मौके में भूमि सम्बन्धी दस्तावेज के साथ उपस्थित होना सुनिशचित करे उपस्थित नही होने की दशा में सीमाकन कार्य बाधित होने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ती पर कोई विचार नही किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय प.ह.न. 45 ग्राम सकरी रा.नि.म. व तहसील राकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

// सीमांकन सूचना//

प्रति.1. आवेदक / आवेदिका श्यामकली पति. मनोहर सिंह, उसलापुर 2. रतन 3. बालू 4. नारायण 5. गोपाल प्रसाद दुबे/ राम गुलाम 6. कृष्णकांत/राधेश्याम 7. सरिता बजाज/ रामकुमार बजाज 8. गायत्री 9. विजय।

विषय :- सीमांकन / स्थल जांच / नक्शा बटांकन के समय उपस्थि रहने बाबत।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार सकरी के ज्ञा.क्र.Q आदेश दिनांक 25/02/26

संदर्भित विषयांतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम सकरी म.नं. 2 प.ह.न. 45 रा.नि.म. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा नंबर 40/2 रकबा 0.0650 हे. में भूमि स्वामी श्यामकली पिता मनोहर सिंह निवासी सकरी मो. 9340435515 के द्वारा सीमांकन / स्थल जांच/नक्शा बटांकन किये जान हेतु आवेदन श्रीमान तहसीलदार सकरी के समक्ष प्रस्तुत किया है । उक्त भूमि का सीमांकन / स्थल जांच / नक्शा बटांकन दिनांक 07/05/2026 को समय सुबह 10.00 से शाम 05:00 बजे के बीच किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ति भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय पर उपस्थि होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सूचना जाने।

टीप:- विषेश परिस्थिती में अपरिहार्य कारणो से सीमांकन / स्थल जांच / नक्शा बटांकन तिथी में परिवर्तन किया जा सकता है।

एस.पी. बर्मन,
पटवारी 45, तहसील सकरी



## खबर संक्षेप

### सेजेस सरकंडा की छात्राओं ने बोर्ड परीक्षाओं में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बिलासपुर।** पीएम सेजेस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, सरकंडा की छात्राओं ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 12वीं कला संकाय की छात्रा निशा कश्यप ने 92.6 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 10वीं की छात्रा भूमि सोनी ने 96 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। निशा के पिता गार्ड की नौकरी करते हैं, जबकि भूमि की माता सिम्स के मेस में कार्यरत हैं तथा उनके पिता नहीं हैं। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद इन छात्राओं ने अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित कर उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में अंजलि देवांगन ने 92 फीसदी, रागिनी साहू ने 91.8 फीसदी, आशना साहू एवं लीना साहू ने 90 फीसदी अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं का कुल परिणाम 93.8 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में सौम्या कुंभकार ने 95.8 फीसदी, विद्या दुबे ने 94.33 फीसदी, लीलिमा साहू ने 93.83 फीसदी एवं हिमांशी साहू ने 90.66 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी सफल छात्राओं को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए पढ़ाई में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने छात्राओं को अच्छे नागरिक बनकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी विजय टांडे ने छात्राओं को अपने प्रेरणादाई विचारों से उन्हें प्रेरित किया, प्राचार्य डॉ. गायत्री तिवारी, वरिष्ठ व्याख्याता डीके चौबे, डॉ.प्रवीण मिश्रा एवं लता पटेल सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

### सुशासन तिहार : उच्चभट्ठी शिविर में शामिल हुए जिला पंचायत अध्यक्ष



**बिलासपुर।** जिले के गांव-गांव और शहर में सुशासन तिहार का सिलसिला जारी है। शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी के साथ ही योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इसी क्रम में बुधवार को बिल्हा ब्लॉक के उच्चभट्ठी में आयोजित सुशासन शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी शामिल होकर लोगों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की भी अपील की। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, एसडीएम मनीष साहू, सीईओ जनपद कुमार लहरे सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सुशासन तिहार के जरिए लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही सुशासन तिहार का उद्देश्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं का तत्परता से निराकरण करें। शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने और लोगों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। सुशासन तिहार के तहत सरकार लोगों के गांव, घर तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रही है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि बड़ी संख्या में आपकी उपस्थिति अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति आप लोगों की जागरूकता का परिचायक है। शिविर में आज कुल 196 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 161 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

### यात्रियों को गर्मी से राहत : रेलवे प्रशासन पानी के साथ कर रहा छाछ का वितरण



**बिलासपुर।** भीषण गर्मी में यात्रियों को राहत देने के लिए रेल प्रशासन ठंडा पानी, शरबत के साथ अब छांछ का वितरण कर रहा है, जिससे यात्रियों को भी सुविधाएं मिल रही है। रेलवे की ओर से गाड़ी संख्या 11753 के सामान्य कोच में यात्रा कर रहे यात्रियों को ठंडक और राहत प्रदान करने हेतु छाछ का निःशुल्क वितरण किया गया। इसी तरह बिलासपुर मंडल के भारत स्काउट एंड गाइड द्वारा बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर निःस्वार्थ भाव से जल वितरण सेवा निरंतर संचालित की जा रही है। यह सराहनीय पहल न केवल यात्रियों को शीतलता प्रदान कर रही है, बल्कि सेवा, सहयोग एवं मानवता के उत्कृष्ट मूल्यों को भी सुदृढ़ कर रही है। 26 अप्रैल से प्रारंभ इस सेवा अभियान के अंतर्गत स्काउट-गाइड, रोवर एवं रेंजर सदस्य पूर्ण समर्पण, अनुशासन एवं सेवा भावना के साथ स्टेशन परिसर में यात्रियों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध करा रहे हैं। भीषण गर्मी के दौरान यह सेवा यात्रियों के लिए अत्यंत राहतकारी सिद्ध हो रही है, जिसकी व्यापक सराहना भी की जा रही है। सीनियर डीसीएम अनुराग कुमार सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में सहयोग, संवेदनशीलता एवं परोपकार की भावना को सुदृढ़ करते हैं।





### सड़कों पर मवेशियों के झुंड...

**बिलासपुर।** नगर निगम द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान बंद किए जाने का असर शहर की सड़कों पर दिखाई देने लगा है। शहर की व्यस्त सड़कों पर भी इन दिनों आवारा पशुओं के झुंड नजर आने लगे हैं, इन पशुओं के कारण लोगों का सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है। इन दिनों इमलीपारा सड़क पर आवारा पशुओं के झुंड दिखाई दे रहे हैं, यह शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में से एक है, इस सड़क पर पशुओं के होने से लगातार दुर्घटनाएं भी हो रही हैं।

*हर साल एक हजार से अधिक आवासीय और व्यावसायिक निर्माण शहर में हो रहे*

# 480 भवनों में पानी बचाने की व्यवस्था नहीं, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग होने से 80 करोड़ लीटर पानी बचता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में 220 सरकारी और निजी भवन ऐसे हैं जहां रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं हैं। यहां इसकी व्यवस्था की जाती तो 80 करोड़ लीटर पानी बचाया जा सकता है।

यही नहीं निगम ने पिछले 13 सालों में 3582 बिल्डिंगों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का दावा किया है जबकि हर साल एक हजार से अधिक आवासीय और व्यावसायिक निर्माण शहर में हो रहें हैं। निगम इनका नक्शा भी पास कर रहा है लेकिन पानी बचाने की गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। यही नहीं शहर में 480 भवन पुराने होने के कारण यहां रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए जगह ही नहीं है। राज्य सरकार ने भू गर्भिय जल स्तर को बनाए रखने के लिए सरकारी और निजी भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का नियम बनाया है। नियम के तहत सरकारी भवनों में इसका हर हाल में पालन किया जाना है, ताकि इस नियम का आम जन भी पालन करें और बारिश का पानी व्यर्थ बहने के बजाए उसे हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से जमीन तक उतारा जा सके। इससे गर्मियों के मौसम में भूगर्भ जल स्तर घटने की समस्या से जूझना न पड़े। इन बड़े संस्थानों में प्रत्येक भवन का क्षेत्रफल 8-8 हजार वर्ग फीट है, लेकिन जिले के करीब 82 शासकीय और करीब 118 निजी भवनों में हार्वेस्टिंग सिस्टम की व्यवस्था नहीं है।

■ **निगम इनका नक्शा भी पास कर रहा है लेकिन पानी बचाने की गंभीरता नहीं दिखाई दे रही**

### निगम में 10 करोड़ रुपए जमा, कोई लेने नहीं आया

भवन अनुज्ञा के दौरान रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य होने के कारण नगर निगम पिछले 10 वर्षों से भवन अनुज्ञा देने से पहले आवेदकों से रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का शुल्क वसूल करता आ रहा है। पहले मैनुअल जमा की गई रकम और वर्तमान में ऑनलाइन जमा की गई राशि मिलाकर नगर निगम के पास करीब 10 करोड़ रुपए जमा हैं। लोगों ने भवनों का निर्माण तो कर लिया, लेकिन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाया। यही कारण है कि जमा की गई राशि को लोग वॉपस लेने नहीं आए हैं। निगम चाहे तो इसका टेंडर निकालकर खुद भी इन घरों में वॉटर हार्वेस्टिंग लगा सकता है।

### 250-300 फीट में पानी मुश्किल से मिल रहा

ज्ञात हो कि 15 साल पहले तक नदी किनारे के क्षेत्रों में 150 से 200 फुट में पानी मिल जाता था। अब 250-300 फुट में पानी मुश्किल से मिल रहा है। जल स्तर में गिरावट ट्यूबवेल से लगातार पानी खींचने और अरपा में बहाव बंद हो जाने की वजह से जल स्तर गिरा है। विशेषज्ञों का कहना है कि वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने से 40%तक बारिश का पानी बचाया जा सकता है, लेकिन हम बारिश के पानी से 4000 मिलियन एम-3 में केवल 10% पानी का संरक्षण कर पाते हैं। यदि शासन के निर्देश के मुताबिक वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण किया जाए तो जल स्तर को काफी हद तक संभाला जा सकता है।

### काम जारी है

सरकारी संस्थानों के साथ ही निजी क्षेत्रों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का काम जारी है। 2011 के बाद से अभी तक साढे तीन हजार निजी और 309 शासकीय निर्माण के लिए भवन अनुज्ञा दी गई है। इसमें से 3328 निजी और 254 शासकीय भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जा चुका है।

- **अनुपम तिवारी**, भवन अधिकारी, नगर निगम

### बचत पानी से हो सकती है आपूर्ति

गौरतलब है कि एक व्यक्ति के महीने में पानी के खर्च के लिए प्रतिदिन 135 लीटर पानी खर्च करने का मानक तय है। इस हिसाब से हर महीने प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4050 लीटर पानी खर्च करने का नियम है, लेकिन शहर का प्रत्येक व्यक्ति औसतन 4500 लीटर पानी एक महीने में खर्च कर रहा है। हार्वेस्टिंग सिस्टम के पालन की ओर ध्यान दें तो करीब 200 भवनों में हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा दिया जाए और बारिश का पानी छत के जरिए जमीन में उतारा जाए तो बारिश के मौसम में प्रत्येक वर्ष 80 करोड़ लीटर पानी की बचत हो सकती है। इससे भूगर्भ के जल स्तर को बनाए रखा जा सकता है। इसके साथ ही शहर में ही ढाई लाख से अधिक लोगों को एक महीने की पानी की आपूर्ति की जा सकती है।

### शहरवासियों को भी पानी बचाने की फिक्र नहीं

ध्यान रहे कि नगर निगम की ओर से भवन अनुज्ञा देने के समय रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए शुल्क भी निर्धारित किए हैं। नियम के तहत 1 वर्ग मीटर के लिए 110 रुपए शुल्क है। प्रारंभिक 150 वर्ग मीटर में निर्माण के लिए 16500 रुपए शुल्क प्रारंभिक रूप से तय है। निर्माण का क्षेत्रफल बढ़ने पर शुल्क की राशि भी बढ़ती जाएगी। निर्माण कर लेने और इसका सबूत नगर निगम में जमा कर देने पर यह राशि संबंधित निर्माण कर्ता भवन मालिक को वापस भी कर दी जाती है। शहर में 150 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल में निर्माण करने वाले करीब 4 हजार लोगों ने भवन अनुज्ञा कराई है, लेकिन इन लोगों ने अब तक रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाया है।

## शिशु भवन हास्पिटल को मिली एनबीईएमएस से मान्यता

**बिलासपुर।** वर्ष 2021 से शिशु भवन हॉस्पिटल में एनबीईएमएस द्वारा मान्यता प्राप्त डीएनबी संस्थान का सफल संचालन किया जा रहा है। यह संस्थान क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक सशक्त पहचान बना चुका है।

इस संस्थान की सबसे बड़ी विशेषता इसका कुशल एवं समर्पित नेतृत्व है। डॉ.श्रीकांत गिरी, डॉ.पल्लवी श्रीकांत गिरी एवं डॉ. शालिनी शंकर न केवल संस्थान के प्रमुख स्तंभ हैं, बल्कि अपनी उत्कृष्ट शिक्षण शैली, अनुभव एवं समर्पण से विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। इनके मार्गदर्शन में संस्थान निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। संस्थान में उच्चस्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनुभवी शिक्षकों की टीम विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान करती है। विशेष रूप से डॉ. श्रीकांत गिरी संस्थान के डायरेक्टर के रूप में दूरदर्शी नेतृत्व डॉ. पल्लवी श्रीकांत गिरी शैक्षणिक गुणवत्ता एवं अनुशासन की सशक्त आधारशिला डॉ.शालिनी शंकर विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान एवं मार्गदर्शन प्रदान करने में अग्रणी भूमिका इनके अतिरिक्त विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम डॉ.रवि द्विवेदी, डॉ. प्रणव अंधारे, डॉ.एम चंद्राकर, डॉ.सीबी देवांगन एवं डॉ. रोशन शुक्ला द्वारा विद्यार्थियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे वे व्यावहारिक रूप से सक्षम चिकित्सक बन सकें। यह संस्थान अंचल का एकमात्र ऐसा केंद्र है, जहां डीएनबी प्रशिक्षण की उत्कृष्ट एवं व्यवस्थित सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में संस्थान में कुल 5 सीटें स्वीकृत हैं, जिनमें 2 डीएनबी एवं 3 डिप्लोमा सीटें शामिल हैं। अब तक 6 विद्यार्थी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हो चुके हैं, जो संस्थान की गुणवत्ता का प्रमाण हैं। हाल ही में डॉ. प्रतिभा अग्रवाल एवं डॉ. पवन पुनासिया ने भी सफलता प्राप्त कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। अस्पताल में अत्याधुनिक उपकरणों की उपलब्धता एवं प्रशिक्षित चिकित्सकों की टीम मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही है। साथ ही डीएनबी विद्यार्थियों के लिए नियमित कक्षाएं, सेमिनार एवं शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं, जिससे उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया जा सके।



हेल्थ प्लस

संस्थान से पूर्व में उत्तीर्ण डीएनबी विद्यार्थियों डॉ. मोनिका जायसवाल, डॉ. आदित्य गौर, डॉ. मधुराधा, डॉ. काजल नाथानी शिशु भवन हॉस्पिटल का यह प्रयास न केवल चिकित्सा शिक्षा बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी एक प्रेरणादायक पहल है, जो पूरे अंचल को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री और डिप्टी सीएम ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

**बिलासपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बुधवार को नगर पालिका परिषद बोदरी में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण सौगात दी।



लोकार्पित कार्यों में लगभग 99.97 लाख रुपए की लागत से निर्मित नगर पालिका परिषद का नवीन कार्यालय, 25 लाख रुपए की लागत से साहू समाज का सामुदायिक भवन तथा 16.92 लाख रुपए की लागत से निर्मित आकांक्षीय शौचालय शामिल हैं। इन कार्यों से स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, नगर पालिका परिषद बोदरी की अध्यक्ष श्रीमती नीलम विजय वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप मिश्रा, पार्षद सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है और आने वाले समय में भी विकास की गति और तेज की जाएगी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि बोदरी के लिए ऐतिहासिक दिन है। नगर पालिका परिषद का नवीन कार्यालय नागरिकों की आशा और विश्वास का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय एवं एयरपोर्ट जैसी महत्वपूर्ण संस्थाओं के अनुरूप क्षेत्र का समग्र विकास किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि विकास कार्यों के प्रस्ताव प्राप्त होते ही लगभग 3 करोड़ रुपये की राशि शीघ्र स्वीकृत की जाएगी।

## प्रदेश की किरण और अनुष्का ने दिए सपनों को नए पंख

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में आयोजित पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स ने देशभर के जनजातीय समुदायों के खिलाड़ियों को एक मंच पर एकत्रित किया, जहां कई राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कुछ के लिए यह इतनी बड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का पहला अनुभव था, तो कुछ के लिए यह उनके उभरते करियर का अगला बड़ा कदम साबित हुआ। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के पहले संस्करण में 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने भाग लिया, जिसमें 2000 खिलाड़ियों के बीच रोमांचक प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, वेटलिफ्टिंग और कुश्ती में कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर थे। मल्लखंभ और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को इसमें प्रदर्शन खेलों के रूप में शामिल किया गया था। सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण छत्तीसगढ़ के तीन शहरों रायपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर को इन खेलों की मेजबानी सौंपी गई थी। ऐसे मौके पर जब भारत वर्ष 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है और 2036 ओलंपिक की संभावित मेजबानी के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर रहा है।



## जनगणना कार्य में बाधा डालने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय महत्व के जनगणना कार्य को सुचारू और समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जनगणना कर्मियों की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जनगणना 2027 का कार्य इस माह की 1 मई से प्रगति पर है और इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को पूरा सहयोग दें तथा उनके सम्मान का ध्यान रखें, ताकि यह कार्य निर्धारित समय-सीमा में सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनगणना कार्य में बाधा उत्पन्न करने, कर्मचारियों के साथ अभद्रता या विवाद करने वालों के विरुद्ध जनगणना अधिनियम 1948 एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 के प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हाल ही में बिल्हा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम घोघरा में जनगणना कार्य में बाधा पहुंचाने और जनगणना कर्मी से मारपीट के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उसे जेल भेजा गया है। जिला प्रशासन ने कहा है कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं का आधार है। ऐसे में सभी नागरिकों का सहयोग इस अभियान की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

*जिले में 32 हजार मजदूरों का 4 करोड़ रुपए बकाया था भुगतान*

# चार महीने बाद मनरेगा में मजदूरी भुगतान के लिए आया फंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना तहत करीब चार महिने बाद मजदूरी भुगतान के लिए केन्द्र से राज्य के पास फंड आ गया है। इसके साथ ही मजदूरों के बैंक खातों में भुगतान की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। बिलासपुर जिले में ही 32 हजार मजदूरों का मजदूरी भुगतान बकाया था।

मनरेगा में पिछले चार महिनों से भुगतान नहीं होने से आर्थिक तंगी झेल रहे मजदूरों का इंतजार अब समाप्त हो गया है। मनरेगा में मजदूरी भुगतान के लिए केन्द्र सरकार से राज्य सरकार के पास फंड आ गया है और रायपुर से ही मनरेगा मजदूरों के सीधे बैंक खातों में मजदूरी की राशि भेजने की प्रक्रिया चालू हो गई है। जनवरी माह से मनरेगा में काम करने वाले जॉब कार्डधारी परिवारों के मजदूरों को मजदूरी भुगतान नहीं हो रहा था। मजदूर काम कर रहे थे और उनका मजदूरी बकाया बढ़ते जा रहा था। करीब चार महिने से भुगतान नहीं होने से मजदूरों के सामने आर्थिक समस्या खड़ी होने लगी थी। मजदूर आए दिन रोजगार सहायकों से भुगतान को लेकर पूछताछ करने लगे थे और रोजगार सहायक मजदूरों को जल्द ही भुगतान का आश्वासन देकर काम चला रहे थे।

■ **मजदूरों के बैंक खातों में भुगतान की प्रक्रिया शुरू**




### 465 ग्राम पंचायतों में चल रहा काम

बिलासपुर जिले के 465 ग्राम पंचायतों में मनरेगा अंतर्गत काम चल रहे हैं। इन पंचायतों में 5 हजार 403 काम चल रहे हैं, जिनमें तालाब गहरीकरण, नया तालाब निर्माण, प्रधानमंत्री आवास, उचित मूल्य दुकान, मुक्तिधाम, चेकडेम निर्माण, आंगनबाड़ी भवन, ग्राम पंचायत भवन, डबरी निर्माण आदि कार्य शामिल हैं। इन कार्यों में लगभग 35 हजार मजदूर काम कर रहे हैं।

### नई योजना के चक्कर में फंड आने में विलंब

मनरेगा में मजदूरी के लिए विलंब से फंड आने के पीछे यह चर्चा है कि चूंकि केन्द्र सरकार मनरेगा की जगह पर नई योजना लागू करने वाले हैं इसलिए पुरानी योजना में फंड विलंब से आया है। हांलाकि विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी नई योजना अभी शुरू नहीं हो पाया है। इसके अंतर्गत 125 दिनों का रोजगार देने का प्रावधान किया गया है। इसमें स्थाई काम होंगे जैसे गड्ढा खुदाई, तालाब, सड़क, गोदाम, जल संरचनाएं बनेंगे। इनसे गांव की अपनी संपत्ति बनेगी और गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। वहीं काम के साथ कौशल भी सिखाया जाएगा। इससे महिलाओं को एसएचजी के जरिए काम और नेतृत्व मिलेगा तथा स्किल सेंटर, शेड निर्माण जैसे कार्य किए जाएंगे।

### ठीक है काम की स्थिति

मनरेगा अंतर्गत हमारे जिले में काम की स्थिति ठीक है और मजदूरों की संख्या भी अच्छी है। बीच में मजदूरी भुगतान को लेकर दिक्कत थी, किन्तु अब राज्य के पास फंड आ गया है और वहां से मजदूरों के खातों में राशि भेजी जा रही है।

**-संदीप अग्रवाल**
सीईओ, जिला पंचायत

## डीएनए परीक्षण पर ऑनलाइन एक दिवसीय कार्यशाला

**बिलासपुर।** पुलिस अधिकारियों लिए अपराध, मर्ग की विवेचना के लिए डीएनए, जैवि, भौतिक साक्ष्य संकलन एवं परीक्षण विषय पर रेंज स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का ऑनलाइन आयोजन आइजी मीटिंग हाल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आई रामगोपाल गर्ग ने किया, जिसमें अपराध विवेचना के दौरान हत्या, हत्या के प्रयास, बलात्कार के प्रकरणों में जप्त प्रदर्शों का डीएनए, जैविक, भौतिक साक्ष्य संकलन, परीक्षण किया जाना होता है, जिस पर विवेचकों के द्वारा प्रदर्शों की जब्ती, सेंम्पलिंग के दौरान प्रकियात्मक त्रुटि की जा रही है, जिससे परीक्षण रिपोर्ट निष्क्रिय प्राप्त होने से आरोपी को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होता है तथा वे दोषमुक्त हो जाते हैं। न्यायालयिक डीएनए न केवल दोषियों को सजा दिलाने में मदद करता है, बल्कि निर्दोष व्यक्तियों को झूठे आरोपों से मुक्त करने में भी एक शक्तिशाली माध्यम है। इसे आधुनिक न्याय प्रणाली का गोल्ड स्टैंडर्ड माना जाता है। कार्यशाला के दौरान डा. प्रियंका लकड़ा, डा. स्वाति कुजूर वैज्ञानिक अधिकारी क्षेत्रीय विज्ञान प्रयोगशाला बिलासपुर द्वारा डीएनए जैविक, भौतिक साक्ष्य संकलन, परीक्षण पर विभिन्न टॉपिक्स पर प्रकाश डाला गया। न्यायालयिक डीएनए पर डा. प्रियंका लकड़ा वैज्ञानिक अधिकारी द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया गया। डा. स्वाति कुजूर वैज्ञानिक अधिकारी द्वारा जानकारी साझा की गई। उक्त ऑनलाइन कार्यशाला में बिलासपुर रेंज के सभी जिलों से लगभग 200 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

**खबर संक्षेप**

## 25 फीट उंचाई से गिरकर घायल मजदूर की मौत

**बिलासपुर।** बोरा फैक्ट्री में काम करने दौरान 25 फीट उंचाई से गिरकर घायल हुए मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक विकास सेंगर ने बताया, जांजी निवासी लक्ष्मी प्रसाद धीवर पिता भोला प्रसाद धीवर 45 साल पंधी स्थित बोरा फैक्ट्री में रोजी मजूदरी कर रहे थे। 4 मई की शाम वे फैक्ट्री में का कर रहे थे। काम करने के दौरान शाम 4.30 बजे 25 फीट उंचाई से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। फैक्ट्री प्रबंधन के द्वारा के द्वारा उन्हें इलाज के लिए नेहरू नगर स्थित श्रीराम केयर हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। रात 9 बजे इलाज के दौरान लक्ष्मी प्रसाद धीवर की मौत हो गई थी। सूचना पर 5 मई को पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।



## दो भाइयों के साथ बाइक सवारों ने की मारपीट

**बिलासपुर।** खाना खाने ढाबा जा रहे दो भाइयों के साथ बाइक सवार युवकों ने मारपीट करते हुए मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, तिफरा मन्नाडोल निवासी गुलशन साहू पिता बेदराम साहू 4 मई को अपने मौसेरे भाई सतीश साहू के साथ ट्रांसपोर्ट नगर स्थित साहू होटल खाना खाने जा रहे थे। रात 10.30 बजे होटल के पहले बाइक सवार तीन युवक उन्हें रोककर गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। दोनों भाईयों ने बीच बचाव किया तो युवकों ने लोहे के लेगगार्ड से हमला कर सतीश साहू का मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। पुलिस ने गुलशन की रिपोर्ट पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 324, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## 152 लीटर महुआ शराब सहित कोचिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने 152 लीटर महुआ शराब सहित कोचिया को गिरफ्तार कर लिया है।
रतनपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस अंशिका जैन ने मुखबिर की सूचना भरदैयाडीह निवासी बहोरिक राम धनवार 55 साल जंगल में अवैध शराब बनाकर बिक्री कर रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ जंगल में दबिश देकर बहोरिक धनवार को पकड़कर 152 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने शराब जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



कोटा रोड पर गिरे पेड़ों की छटाई करते ग्रामीण।

**मंगलवार शाम आंधी ने मचाई भारी तबाही**

# ट्रक, ट्रैक्टर, बाइक, साइकल और सिर पर, चारों ओर सिर्फ लकड़ी के गट्ठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगलवार शाम छह बजे आई आंधी के प्रभाव से शहर और शहर से दस किलोमीटर के दायरे में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं बचा है, जहां पेड़ न गिरा हो। कहीं बीच सड़क पर, तो कहीं बिजली के तार पर। एक ओर जहां प्रशासन सड़क से पेड़ हटाकर पूरे दिन आवागमन दुरूस्त करने में जुटा नजर आया, वहीं दूसरी तरफ चारों ओर अपनी-अपनी व्यवस्था से लोग लकड़ियों को घर ले जाते नजर आए।

शहर में मंगलवार की शाम अचानक आई आधी से पूरा शहर तहस नहस हो गया। हवा की गति इतनी तेज थी कि छोटे से बड़े पेड़ बड़ी संख्या में टूट गए। इस दौरान कुछ स्थानों पर पेड़ के टूटकर सड़क पर गिर जाने के कारण आवागमन ठप हो गया था, वहीं ज्यादातर जगहों पर पेड़ की शाखाओं के गिरने के बाद सड़क पर आवागमन करने वालों ने ही सड़क पर से पेड़ की डगाल खींचकर किनारे कर दिया था। शहर से लेकर शहर के चारों दिशाओं में बड़ी संख्या में पेड़ गिरे नजर आए। कोटा रोड में मुंगेली नाका चौक में नगर निगम पेट्रोल पंप के पास, 36 मॉल के सामने, उसलापुर ओवरब्रिज के ठीक पहले, जैन इंटरनेशनल स्कूल के ठीक सामने, इसी रोड में एक शादी भवन के ठीक सामने, कानन पेंडारी-कोटा मोड़ पर, आगे रेशम विभाग के ऑफिस के ठीक सामने, भरनी भाठा स्थित धान संग्रहण केंद्र के सामने, इसी रोड पर आगे सेंट जेवियर स्कूल के ठीक सामने, भरनी में करिया महादेव मंदिर मोड़ पर एक बड़ा पेड़ गिरा पाया गया। इसी तरह सीआरपीएफ कैंप के सामने व कैंप से दो सौ कदम की दूरी पर एक बड़ा पेड़ गिरने के कारण सड़क पर पूरी तरह आवागमन ठप हो गया था।





**दर्जनों पेड़ गिरे, मंगलवार पूरी रात, बुधवार दिन भर सड़क से पेड़ हटाता नजर आया प्रशासन**

### भरनी में बजली तार पर गिरकर लटका पेड़

आंधी के प्रभाव से भरनी में एक बड़ा पेड़ टूट गया, लेकिन टूटने के बाद जमीन पर गिरने के बजाय बिजली के तार पर ही लटक गया। किसी दुर्घटना की आशंका को ध्यान में रखकर क्षेत्र में रात में बिजली सप्लाई बंद कर दी गई थी, वहीं बुधवार को विद्युत विभाग के अमले ने मशीनरी लाकर तार पर लटके पेड़ को काफी मशक्कत के बाद नीचे गिराया।

### मिशन अस्पताल रोड में गिरा पेड़, रात भर चला राहत कार्य

आंधी के प्रभाव से मिशन अस्पताल रोड में एक बड़ा पेड़ गिर गया था। नगर निगम, बिजली विभाग एवं पुलिस प्रशासन द्वारा मिलकर देर रात तक सड़क से पेड़ हटाने का प्रयास किया जाता रहा। इस दौरान पुलिस वाहन को बीच रोड पर रखकर लोगों की आवाजाही रोक दी गई थी, ताकि कोई हताहत न हो सके।

### लकड़ी बटोरने में जुटा रहा पूरा परिवार

कोटा रोड में बड़ी संख्या में पेड़ गिरे हैं। गिरे पेड़ों को अपने-अपने घर ले जाने के लिए आसपास के ग्रामीण पूरे परिवार सहित सड़क पर नजर आए। इस दौरान वे पेड़ काटने की बड़ी इलेक्ट्रॉनिक आरी के अलावा हंसिया व टंगिया से पेड़ की डगाल काटकर ले जाते नजर आए।

# माइनिंग अधिकारियों को देखकर ड्राइवर बीच सड़क पर हाइवा छोड़कर भागा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

माइनिंग अधिकारियों को देखककर रेत का अवैध परिवहन कर रहा हाइवा का ड्राइवर बीच सड़क पर गाड़ी छोड़कर भाग गया, जिससे दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। भारी मशक्कत के बाद गाड़ी किनारे की गई, उसके बाद आवागमन सामान्य हुआ। पुलिस ने रेत सहित गाड़ी जब्त कर मालिक व चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

■ गाड़ी जब्त, चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया, माइनिक विभाग के अधिकारी व कर्मचारी अवैध परिवहन की जांच के लिए तोरवा से होते हुए मस्तूरी रोड की ओर जा रहे थे। दोपहर 3.30 बजे हाइवा क्रमांक सीजी 11 बीएल 5241 में रेत परिवहन किया जा रहा था। माइनिंग अधिकारियों ने गाड़ी रोकने का इशारा किया तो ड्राइवर ने महमंद संत नगर मेन रोड पर गाड़ी खड़े कर दिया और स्टीयरिंग लाक कर भाग गया। बीच सड़क पर हाइवा खड़े होने से दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। बड़ी मुश्किल से गाड़ी का लाक खोलकर उसे किनारे गिया गया, उसके बाद आवागमन सामान्य हो पाया है। माइनिंग विभाग के अधिकारियों ने रेत से भरे हाइवा को जब्त कर तोरवा थाने के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने खनिज अधिकारी शबीना बेगम की रिपोर्ट पर हाइवा मालिक व ड्राइवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2, 285, 3, 5, 4 व खान एवं खनिज विकास का विनियमन अधिनियम 1957 की धारो 21 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

# युवक की मौत के मामले में कलेक्टोरेट का घेराव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आदिवासी समाज के लोगों ने कलेक्टोरेट का घेराव कर सड़क हादसे में मामूली रूप से घायल आदिवासी युवक के पैर का गलत आपरेशन करने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। परिजन का कहना है कि ऑपरेशन के दौरान पैर की नस काट दी गई, जिससे युवक की मौत हो गई है। यह भी आरोप है कि सीनियर डाक्टर के जगह जूनियर डाक्टर के द्वारा सर्जरी कर लापरवाही बरती गई है।

रतनपुर पेंडरवा निवासी महेश सिंह राज 28 साल विगत 2 मई को पत्नी को लेकर रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान रास्ते में अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनके पैर में चोट आई थी। डायल 112 से उन्हें इलाज के लिए सिम्स लाया गया। महेश के भाई चरण सिंह राज ने बताया हादसे में महेश के पैर की हड्डी फ्रैक्चर हो गई थी, डाक्टरों ने पैर की टूटी हुई हड्डी को जोड़ने के लिए ऑपरेशन करने की जानकारी दी। उसके बाद महेश को ऑपरेशन थियेटर ले जाया गया। ऑपरेशन के बाद महेश को होश नहीं आया।

देर रात डाक्टरों ने परिजनों को बताया अधिक खून बह जाने के कारण उसकी मौत हो गई है। 6 मई को आक्रोशित परिजन व आदिवासी समाज के लोगों ने कलेक्टोरेट का घेराव कर आरोप लगाया है कि सीनियर डाक्टर की अनुपस्थिति में जूनियर डाक्टर ने जल्दबाजी में ऑपरेशन किया, जिससे मरीज के पैर की नस कट गई और खून का बहाव अधिक होने से उसकी मौत हो गई। समाज के लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# महिला पर चाकू से हमला, फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन से पति के साथ घर लौट रही महिला पर मुल्कराज होटल के सामने दो युवकों ने हमला कर दिया था, पुलिस ने इस मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



तोरवा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली लक्ष्मी सतनामी पति लक्ष्मीनारायण 4 मई की रात 8.30 बजे अपने पति के साथ रिश्तेदार को छोड़ने के लिए रेलवे स्टेशन गई थी। छोड़ने के बाद दोनों पति पत्नी पैदल घर लौट रहे थे। रात 9 बजे मुल्कराज होटल के सामने राजा व डैनी मिले और बिना करण के वाद विवाद करने लगे। लक्ष्मी ने गाली देने से मना किया तो राज ने जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया। बीच बचाव करने पर उनके हाथ की कलाई में चोट आई है। वहीं डैनी ने हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की है। उनके पति लक्ष्मीनारायण ने बीच बचाव कर उन्हें बचाया है। चाकूबाजी की वारदात से होटल के सामने हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पीड़ित महिला थाने में जाकर रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर राजा व डैनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। 6 मई को टीआई रजनीश सिंह ने बल के साथ पतासाजी कर फरार आरोपी राज उर्फ डेनी कोसले पिता रमेश कोसले 22 साल नयापारा, उसके भाई राजा कोसले को गिरफ्तार कर चाकू जब्त कर लिया है।

# श्रीराम केयर अस्पताल में आरक्षक की मौत मामले में जांच टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पथरी का ऑपरेशन कराने श्रीराम केयर अस्पताल आए आरक्षक की इलाज के दौरान मौत होने के मामले में कलेक्टर ने जांच के लिए पांच सदस्यों की टीम गठित की है। इसके अंतर्गत जांच की पहली कड़ी में गुरूवार को आवेदक व अनावेदक पक्ष को एसडीएम ऑफिस में बयान के लिए बुलाया गया है।

■ आरक्षक की इलाज के दौरान हो गई थी मौत

नेहरू नगर स्थित श्रीराम केयर अस्पताल में इलाज के दौरान आरक्षक की मौत के मामले में जिला प्रशासन द्वारा बड़ा निर्णय लिया गया है। आरक्षक के परिजनों के द्वारा इलाज में लापरवाही संबंधी लगातार आरोप लगाने एवं अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल के द्वारा पांच सदस्यीय जांच टीम गठित की गई है। जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कोई समय सीमा तो तय नहीं है, लेकिन टीम ने गठन के बाद से ही अपना काम प्रारंभ कर दिया है। इसी के मद्देनजर गुरूवार को एसडीएम बिलासपुर मनीष साहू के कक्ष में जांच टीम के सभी सदस्यों की उपस्थिति में आवेदक व अनावेदकों का बयान दर्ज किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मस्तूरी के पास एरमसहीं निवासी एवं सरकंडा थाने में पदस्थ आरक्षक सत्या पाटले को पेट दर्द की शिकायत के बाद श्रीराम केयर अस्पताल लाया गया था। यहां पथरी की जानकारी होने के बाद ऑपरेशन भी किया गया। इधर ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत में सुधार होने के बाद फिर अचानक तबियत बिगड़ने लगी और शुक्रवार शाम छह बजकर बीस मिनट पर उसकी मौत हो गई। आरक्षक की मौत के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही होने का आरोप लगाते हुए अस्पताल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर हंगामा मचाया था।

### सभी का लिया जाएगा बयान

श्रीराम केयर अस्पताल में इलाज के दौरान आरक्षक की मौत के मामले में जांच के लिए चार डॉक्टरों सहित पांच सदस्यीय टीम गठित की गई है। इसके अंतर्गत गुरूवार को जांच दल के सभी सदस्यों की उपस्थिति में आवेदक व अनावेदक का बयान लिया जाएगा।
-मनीष साहू, एसडीएम बिलासपुर

### एसडीएम की अध्यक्षता में चार डाक्टरों की संयुक्त टीम करेगी जांच

आरक्षक की मौत मामले में जांच के लिए पांच लोगों की टीम गठित की गई है, जिसमें बिलासपुर एसडीएम मनीष साहू भी प्रमुख रूप से अध्यक्ष के रूप में शामिल रहेंगे। जांच टीम में सदस्य के रूप में शामिल डॉक्टरों की टीम में डॉ रश्मि गुप्ता साव सहायक प्राध्यापक पैथोलॉजी विभाग, डा विनोद तामकनंद सहायक प्राध्यापक सर्जरी, डॉ नवनीत अग्रहरि सहायक प्राध्यापक मेडिसिन एवं डॉ अर्पणा मिश्रा सहायक प्राध्यापक निश्चेतना शामिल हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
27 मई, 10 जून, 12 अगस्त,
02 सितम्बर, 30 सितम्बर 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग. भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग. श्री शनि सिंघनापर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166

## खबर संक्षेप

### नगर में पहला सुशासन जन समस्या निवारण शिविर आज

**मुंगेली।** सुशासन त्यौहार के अतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा 7, 19 मई एवं 10 जून को 9 बजे से 1 बजे तक जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।




शिविर में आम नागरिकों की समस्या एवं मांग से संबंधित आवेदन प्राप्त कर उनका समस्या एवं मांग का निराकण किया जाएगा। पहला शिविर 7 मई गुरुवार को शहीद वीर धनंजय सिंह कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित होगा, जिसमें वार्ड क्र. 5, 6, 8, 12, 13, 14, 15, 20 एवं 21 के नागरिक शामिल होंगे। वहीं दूसरा शिविर 19 मई मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल सामुदायिक भवन पुराना बस स्टैंड में आयोजित किया जाएगा, जिसमें वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 7, 9, 10 एवं 11 के नागरिक अपनी समस्याएं एवं आवेदन दे सकेंगे। तीसरा शिविर 10 जून बुधवार को सतनाम भवन, दाऊपारा में आयोजित होगा, जिसमें वार्ड क्रमांक 16, 17, 18, 19 एवं 22 के नागरिक शामिल होंगे। इन शिविरों में नागरिकों की समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर उनका त्वरित निराकरण किया जाएगा।

### सुशासन तिहार से बदल रहा ग्रामीणों का जीवन

**भर्रीडांड़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रहे सुशासन तिहार ने आम नागरिकों, खासकर किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। इसका एक प्रेरणादायक उदाहरण है ग्राम पंचायत नाका के किसान गंगा प्रसाद खुसरो की कहानी है। मरवाही विकासखंड के ग्राम पंचायत सेमरदार्री में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में गंगा प्रसाद खुसरो जो एक मेहनती किसान हैं, उन्हें किसान किताब में दुरुस्तीकरण कराना था। यह समस्या उनके लिए परेशानियों का कारण बन रही थी, क्योंकि सही रिकॉर्ड के बिना उन्हें सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा था। उन्होंने अपनी समस्या के समाधान के लिए सुशासन तिहार के दौरान आवेदन किया। खास बात यह रही कि राजस्व विभाग ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की और उनकी किसान किताब में आवश्यक दुरुस्तीकरण कर दिया। समस्या का तत्काल समाधान होने से गंगा प्रसाद बेहद संतुष्ट और खुश हुए। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया।



### हाईस्कूल सेमरचुवा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



**जरहागांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित सत्र 2026 के परीक्षा परिणाम में हाई स्कूल सेमरचुवा ने शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के उत्तीर्ण होने से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। परीक्षा में युवराज मानिकपुरी ने 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं तुषार कुमार कर्मकार 89.33 प्रतिशत के साथ द्वितीय, कुमारी डाली निर्मलकर 86.66 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा कुमारी खुशबू पटेल ने 85.66 प्रतिशत अंक के साथ चौथ तथा कुमारी मुस्कान पटेल ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान "90 प्लस योजना" के तहत भी विद्यालय का प्रदर्शन सराहनीय रहा। कुल 21 विद्यार्थियों में से 14 छात्र प्रथम श्रेणी तथा 7 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। इस उत्कृष्ट सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य सुभाष चंद्र चतुर्वेदी, सीएसी गौकरण डिंडोरे सहित समस्त शिक्षकों सहित विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को सामूहिक प्रयास, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया है।

### नवरंगपुर में जल संकट खत्म बदली ग्रामीणों की जिंदगी

**मुंगेली।** लोरमी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत रबेली का आश्रित ग्राम नवरंगपुर, जो जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित है, अब जल संकट से पूरी तरह मुक्त हो चुका है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन से गांव के हर घर तक नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है, जिससे ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। लगभग 463 की आबादी वाले इस गांव में पहले पेयजल के लिए केवल 5 हैंडपंप और दो बोरवेल ही सहारा थे। गर्मी के दिनों में भूजल स्तर गिरने से हैंडपंप सूख जाते थे, और ग्रामीणों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ता था। इस समस्या से विशेष रूप से महिलाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ग्राम की निवासी बुधवारा बाई यादव ने बताया कि, पहले पानी के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था, कई बार पड़ोसियों से पानी मांगना पड़ता था। अब घर में ही नल से पानी मिलने लगा है, जिससे हमारी सबसे बड़ी परेशानी खत्म हो गई है। इसी तरह कुमारी सती ने कहा कि अब हमें पानी के लिए भटकना नहीं पड़ता। नल कनेक्शन मिलने से बहुत राहत मिली है और समय भी बच रहा है। जल जीवन मिशन के तहत गांव के सभी घरों में नल कनेक्शन दिए गए हैं और नियमित जल आपूर्ति से ग्रामीणों का दैनिक जीवन सरल और सुगम हो गया है। महिलाओं का समय बचने से वे अन्य कार्यों में ध्यान दे पा रही हैं। ग्रामीणों ने इस जनकल्याणकारी योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, यह योजना उनके जीवन में वास्तविक बदलाव लेकर आई है।

## बच्चों में बढ़ रही मोटापा, दृष्टि दोष सहित अन्य बीमारियां

# मैदानी खेलों के अभाव में गतिहीन जीवनशैली का शिकार हो रहे बच्चे

**मुंगेली।** बोर्ड परीक्षाओं के बाद अब स्थानीय स्तर की परीक्षाएं भी समाप्त हो चुकी हैं। गर्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं। गर्मी के छुट्टियों के साथ-साथ बच्चों की धमाचौकड़ी भी शुरू हो जाती है। ऐसे कई प्रकार के खेल जो सामान्य दिनों में बच्चे नही खेल पाते उन समस्त खेलों का मजा वे छुट्टी के दिनों में लेना चाहते है। परन्तु आजकल प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बच्चों की मासूमियत खो सी गई है और खेलों का स्थान विभिन्न कोचिंग क्लासेस एवं अन्य कुछ सीखने सिखाने ने ले लिया है।

- बाहरी दुनिया और सामाजिक मेल-जोल से कट रहे हैं बच्चे

मैदानी खेलों के अभाव में बच्चे गतिहीन जीवनशैली का शिकार हो रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार मोटापा, दृष्टि दोष, गलत शारीरिक मुद्रा आदी समस्याऐं उत्पन्न हो रही है शारीरिक गतिविधि कम होने से बच्चों में कम उम्र में ही वजन बढ़ने और टाइप-2 डायबिटीज जैसी समस्याएं देखी जा रही हैं। बच्चे घंटों तक मोबाइल या कंप्यूटर स्क्रीन पर नजरें टिकाए रखने से कंप्यूटर विजन सिंड्रोम और आंखों की रोशनी कमजोर होने की शिकायतें बढ़ी हैं गलत तरीके से बैठकर घंटों गेम खेलने से बच्चों की रीढ़ की हड्डी और गर्दन में दर्द की समस्या आम हो गई है। इसका मानसिक और सामाजिक प्रभाव भी देखने को मिल रहा है, इंडोर गेमिंग, विशेषकर ऑनलाइन गेम्स, बच्चों के व्यवहार में गहरा बदलाव ला रहे हैं जैसे एकाकीपन और सामाजिक दूरी घर के भीतर सिमटे रहने के कारण बच्चे बाहरी दुनिया और सामाजिक मेल-जोल से कट रहे हैं। इससे उनमें टीम भावना और सहानुभूति जैसे गुणों की कमी हो रही है। कम उम्र में ही बच्चों में चिड़चिड़ापन और आक्रामकता बढ गई है कई युद्ध और हिंसा पर आधारित गेम्स बच्चों को स्वभाव से हिंसक और चिड़चिड़ा बना रहे हैं। गेम हारने या माता-पिता द्वारा टोकने पर बच्चे अक्सर आक्रामक प्रतिक्रिया देते हैं साथ ही एकाग्रता में कमी भी हो गई है जिसके चलते पढाई भी प्रभावित हो रही है, स्क्रीन की रंगीन और तेज दुनिया के आदी होने के कारण बच्चों को पढ़ाई जैसी स्थिर गतिविधियों में ध्यान लगाने में कठिनाई हो रही है। किन्तु इन सब का एक सकारात्मक पहलू भी हैं, सभी इंडोर गेम्स हानिकारक नहीं हैं, शतरंज, पहेलियां और रणनीतिक वीडियो गेम्स बच्चों की तार्किक क्षमता और समस्या समाधान कौशल को विकसित करने में सहायक भी सिद्ध होते हैं। कई आधुनिक इंडोर गेम्स बच्चों को नई तकनीक और कोडिंग के प्रति भी जागरूक कर रहे हैं। यही कारण है कि पहले खेले जाने वाले पारंपरिक खेल लगभग गायब से हो गए है। ऐसा ही एक खेल है पतंगबाजी जो कि अब बहुत ही कम दिखाई दे रहे है अब बच्चों में वीडियो गेम में अधिक रूचि देखने को मिलती है, बच्चे अब पतंग उड़ाने की अपेक्षा वीडियो गेम, मोबाईल गेम, शतरंज आदि खेलना ज्यादा पसंद कर रहे है।



गर्मी की छुट्टी में खेलते बच्चे।

### लग रहीं अतिरिक्त कक्षाएं

आज कल जहां कई प्राईवेट स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों में भी कई तरह के अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जाती है। वहीं कुछ पालक भी अपने बच्चों को खेलने से रोकते है और उन्हें कोचिंग कक्षाएं स्पोकन इंग्लिश, कम्प्यूटर शिक्षा आदि सीखने के लिए भेजते है। इसे गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग कहा जाता है। यही कारण है कि अब धीरे-धीरे बच्चे अपने पारंपरिक खेलों से दूर होते जा रहे है। विशेषकर गर्मी की छुट्टियों में बच्चों में पतंग के लिए दिवानगी देखते ही बनती थी किसी पंतग के कटने पर उसे लूटने के लिए बच्चों का दौडना अब दिखाई नही देता। आसमान में उडने वाली रंग बिरंगी पतंगे अब कम ही दिखाई दे रही है। पहले गली, मोहल्लों में ही पतंग की कई दुकाने देखने को मिल जाती थी परन्तु अब शायद इनकी मांग कम हो गई है। जिसके कारण अब गली मोहल्लों में इस तरह की दुकानें नही दिखाई देती।

### दूर हो गए पारंपरिक खेल

इनडोर गेम के चलते बच्चों में शारीरिक, मानसिक विकास प्रभावित होते नजर आ रहा है, पतंग की ही तरह और भी कई खेल जैसे गिल्ली डंडा, कंचे, भौंरा, बिल्लस, लुका छिपी आदि पारंपरिक खेल बच्चों की पहुंच से दूर हो गए है। परिजन अधिकतर अपने बच्चों को घर पर ही देखना चाहते है इसके लिए वीडियो गेम, मोबाईल, टीवी जैसे मनोरंजन के साधन घर पर ही उपलब्ध करा देते है। इन सभी कारणों से बच्चों के स्वास्थ्य पर ही विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। खेलों से दूर होने के कारण शारीरिक एवं मानसिक विकास भी प्रभावित हो रहा है। अतः परिजनों को भी अब इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक विकास एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए खेलों का होना भी आवश्यक है।

## आंधी-तूफान का कहर, पेड़ गिरने से टूटे बिजली के तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

धूल भरे बवंडर और तेज बारिश ने मंगलवार 5 मई की शाम तखतपुर नगर का जनजीवन अस्त-व्यस्त करते हुए बिजली व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। आंधी-तूफान के चलते जगह-जगह बिजली के तार उलझ गए और कई स्थानों पर पेड़ गिरने से तार टूट गए, जिसके कारण रात से बंद हुई बिजली दूसरे दिन शाम तक भी बहाल नहीं हो सकी।

- दूसरे दिन शाम तक तक ठप रही बिजली व्यवस्था

24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद बिजली विभाग लगातार सुधार कार्य में जुटा रहा, लेकिन आपूर्ति सामान्य नहीं हो पाई। बिजली गुल होने से शहर में पानी का भी गंभीर संकट खड़ा हो गया। सुबह होते ही लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ा। अधिकांश घरों में मोटर पंप बिजली पर निर्भर होने के कारण जल आपूर्ति ठप हो गई। इससे लोगों को समझ आया कि, बिजली के बिना पानी की उपलब्धता भी मुश्किल हो जाती है। बिजली बाधित रहने से व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हुईं। आइसक्रीम, डेयरी और ठंडे पेय पदार्थों की दुकानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। कई दुकानदारों को जनरेटर के सहारे काम चलाना पड़ा, वहीं कुछ दुकानें लगभग बंद ही रहीं। शहर की आधे से अधिक आबादी फिल्टर और आरओ पानी पर निर्भर है। बिजली नहीं होने के कारण आरओ प्लांट भी बंद रहे, जिससे पीने के पानी की समस्या और गंभीर हो गई। पानी सप्लाई करने वाले भी उपभोक्ताओं तक पानी नहीं पहुंचा सके। ऐसे में नहाने और पीने के लिए पानी के लिए लोगों को जूझना पड़ा। साथ ही गृहणियों को खाना बनाने और बर्तन साफ करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग पूरे दिन एक-दूसरे से यही पूछते नजर आए कि, आखिर बिजली कब आएगी। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया कि, आधुनिक जीवन में बिजली की अहमियत कितनी अधिक है।

## सूखती नहर, बुझती उम्मीदें, बरेला के किसान झेल रहे परेशानी

**जरहागांव।** बरेला की धरती आज केवल सूखे की मार नहीं झेल रही, बल्कि यह प्रशासनिक उदासीनता का जीवंत प्रतीक बन चुकी है। खेतों की दरारें सिर्फ पानी की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था की विफलता की गवाही दे रही हैं। नगर पंचायत बरेला से जारी आधिकारिक पत्र ने उस कड़वे सच को सामने ला दिया है, जिसे किसान वर्षों से चुपचाप सहते आ रहे थे। डी-2 नहर मरम्मत (डी-1 बरेला माइनर) अंतर्गत पिलारी के कंक्रीटीकरण का कार्य अधूरा पड़ा है। इसी कारण मुख्य नहर से जल प्रवाह बाधित हो गया है। विडंबना यह है कि जिस नहर के माध्यम से पिलारी द्वारा खेतों तक पानी पहुंचना था, वही व्यवस्था अब किसानों के लिए निरर्थक साबित हो रही है। पानी का रास्ता बना है, लेकिन पानी पहुंच नहीं पा रहा और यही सबसे बड़ी त्रासदी है। करीब एक हजार किसान आज अपनी फसलों को सूखते हुए देखने के लिए मजबूर हैं। खेत, जो कभी हरियाली से लहलहाते थे, आज वीरान पड़े हैं। किसानों की मेहनत, उनकी पूंजी और उनके सपने सब कुछ इस अधूरे निर्माण और प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ते नजर आ रहे हैं।

- एक हजार किसान अपनी फसलों को सूखते देखने पर मजबूर

### पत्राचार हुआ, पर कार्रवाई शून्य

नगर पंचायत बरेला के अध्यक्ष नरेश पटेल ने स्पष्ट किया है कि इस गंभीर समस्या की जानकारी जल संसाधन विभाग को लिखित रूप में दी जा चुकी है। बावजूद इसके, अब तक किसी भी प्रकार की सकारात्मक पहल या ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। यह स्थिति न केवल चिंता का विषय है, बल्कि सीधे तौर पर प्रशासनिक निष्क्रियता को उजागर करती है।

### लोगों की नाराजगी बढ़ी

लगातार अनदेखी के कारण किसानों में मायूसी के साथ-साथ नाराजगी भी बढ़ती जा रही है। यदि जल्द ही समाधान नहीं निकला, तो यह असंतोष आंदोलन का रूप ले सकता है। तब यह सिर्फ एक नहर का मामला नहीं रहेगा, बल्कि प्रशासन के खिलाफ जनआक्रोश का बड़ा मुद्दा बन जाएगा। यदि तत्काल कंक्रीटीकरण कार्य शुरू नहीं किया गया और जल प्रवाह बहाल नहीं हुआ, तो इसके गंभीर सामाजिक और राजनीतिक परिणाम सामने आ सकते हैं। किसानों का टूटता भरोसा किसी भी व्यवस्था के लिए सबसे बड़ा खतरा होता है।

## डीएनए परीक्षण पर ऑनलाइन एक दिवसीय कार्यशाला

**बिलासपुर।** पुलिस अधिकारियों लिए अपराध, मर्ग की विवेचना के लिए डीएनए, जैवि, भौतिक साक्ष्य संकलन एवं परीक्षण विषय पर रेंज स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का ऑनलाइन आयोजन आइजी मीटिंग हाल में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आई रामगोपाल गर्ग ने किया, जिसमें अपराध विवेचना के दौरान हत्या, हत्या के प्रयास, बलात्कार के प्रकरणों में जप्त प्रदर्शों का डीएनए, जैविक, भौतिक साक्ष्य संकलन, परीक्षण किया जाना होता है, जिस पर विवेचकों के द्वारा प्रदर्शों की जब्ती, सेंम्पलिंग के दौरान प्रकियात्मक त्रुटि की जा रही है, जिससे परीक्षण रिपोर्ट निष्क्रिय प्राप्त होने से आरोपी को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होता है तथा वे दोषमुक्त हो जाते हैं। न्यायालयिक डीएनए न केवल दोषियों को सजा दिलाने में मदद करता है, बल्कि निर्दोष व्यक्तियों को झूठे आरोपों से मुक्त करने में भी एक शक्तिशाली माध्यम है। कार्यशाला के दौरान डा. प्रियंका लकड़ा, डा. स्वाति कुजूर वैज्ञानिक अधिकारी क्षेत्रीय विज्ञान प्रयोगशाला बिलासपुर द्वारा डीएनए जैविक, भौतिक साक्ष्य संकलन, परीक्षण पर विभिन्न टॉपिक्स पर प्रकाश डाला गया।

## धूमधाम से मनी माता कर्मा जयंती, तोखन, साव हुए शामिल

**सरगांव।** नगर में बुधवार को निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह और कर्मा जयन्ती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू थे।

- साहू संघ के पदाधिकारियों ने ली पद की शपथ

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि थानेश्वर साहू, सांसद लखनलाल साहू, विधायक भाटापारा इन्द्र साव, जितेन्द्र साहू अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड, बलदाऊ साहू संरक्षक जिला साहू संघ मुंगेली, राजदुलारी साहू, लक्ष्मीनाथ साहू, डॉ. लेखराम साहू, रामजुड़ावन साहू, ईश्वर साहू, परमानंद साहू, पुहुप साहू, मनीष साहू, हरिश साहू, रामधुन साहू, इंदिरा साहू, संदीप साहू, रामखिलावन साहू, भेखचंद साहू, रामू साहू, राजकुमार साहू, कामता प्रसाद साहू, चमेली सुंदर साहू, कोमल साहू, राकेश साहू, सुनीता साहू, बिमला सुनील साहू, जनकराम साहू, साधना मनतोष साहू, भवानीशंकर साहू, कल्याणी लक्ष्मण साहू, सरिता साहू, कृष्णा साहू, आसनी अनिल साहू, राजाराम साहू, संतोषी संतोष साहू, लेखू साहू, महेन्द्र साहू, विनीत गोविंद साहू, लोकेश साहू, शैलेन्द्र साहू, महेश साहू, सोहित साहू, शकुन साहू, रेमन साहू, राजेश साहू, रामकुमार साहू, जयराम साहू, इंदिरा साहू, शंकरलाल साहू, राजेश साहू, मुद्रिका साहू, तुलसी देवी साहू, कृष्णा साहू, संजय साहू, खोरबहरा साहू, सीताराम साहू, सुखदेव साहू, राकेश साहू, अहिल्या साहू, जगनूराम साहू, कृष्ण कुमार साहू, चंद्रभूषण साहू, उदित साहू, ठगेश्वर साहू, शैलकुमारी साहू, संतोष साहू, राहुल साहू, खेम लाल साहू थे। अध्यक्षता प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने की। सुबह से ही मां कर्मा प्रांगण में भक्तों की भारी भीड़ लगने लगी। ग्राम के सभी लोगों ने माता कर्मा की पूजा अर्चना में भाग लिया। दोपहर को माता कर्मा और कृष्ण का भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस को पूरे ग्राम में घुमाया गया जहां सभी लोगों ने दर्शन लाभ लिया। झांकी में बिराजे भगवान के लोगों ने दर्शन किए। वहीं युवा वर्ग पारंपरिक धुन में नाचते नगर पंचायत के प्रमुख स्थान प्रतीक्षा बस स्टैंड पर आकर समाप्त हुआ। जहां पर मंच से मुख्य अतिथियों ने अपना उद्बोधन दिया।



### कुसमुंडा खदान में डंपर ऑपरेटर से मारपीट, काम बंद करने की चेतावनी

**कोरबा।** एसईसीएल की कुसमुंडा कोयला खदान में मंगलवार की रात डम्फर ऑपरेटर और कथित कोयला दलाल के बीच हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया। विवाद इतना बढ़ गया कि डम्फर ऑपरेटर मोहन लाल साहू के साथ मारपीट किए जाने का आरोप सामने आया है। घटना के बाद खदान क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि मारपीट की घटना से नाराज 60, 100 और 240 टन क्षमता वाले डम्फरों के ऑपरेटर बड़ी संख्या में 29 नंबर केडी क्रेशर के पास धरने पर बैठ गए हैं। ऑपरेटरों ने खान प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की है।

## लोगों ने जनदर्शन में रखी अपनी समस्याएं और मांग

**मुंगेली।** कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

जनदर्शन में जिले के विभिन्न विकासखंडों मुंगेली, पथरिया और लोरमी से बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी नागरिक अपनी समस्याएं और मांगों को लेकर पहुंचे। अपर कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक से उनकी समस्याओं की वस्तुस्थिति जानी और विभागवार अधिकारियों को समय-सीमा निर्धारित कर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम चमारी की अमरीका जांगड़े ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिलाने, ग्राम उमरिया की लक्ष्मीन ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम मर्राकानो की सावित्री यादव ने घर के पास नाली निर्माण कराने, ग्राम घोरपुरा के सुरेन्द्र सिंह ने भूमि का सीमांकन कराने, ग्राम चिल्फी के सुनील कुमार ने जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटि सुधार कराने, ग्राम चमारी के मानदास ने बैटरी चलित ट्रायसायकल दिलाने, ग्राम करही के जीवन पात्रे ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ दिलाने सहित अन्य आवेदकों ने आवेदन सौंपकर निराकरण की मांग की।



## खाद्य औषधि प्रशासन व रेड क्रास का आयोजन

# तम्बाकू के प्रति जागरूकता, दवाई का दुरुपयोग रोकने संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय में खाद्य औषधि प्रशासन महाविद्यालय के रेड क्रॉस के तत्वावधान में तंबाकू मुक्त मुंगेली एवं दवाई का दुरुपयोग रोकने हेतु संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ड्रग इंस्पेक्टर सुमित सिह परिहार, किरण सिंह, रितु गेंदले, सामाजिक कार्यकर्ता तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम बलराम साकेत, जिला अस्पताल के दिलीप कुमार बसंत उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ प्राची सिंह प्राचार्य ने की।

ड्रग इंस्पेक्टर सुमित सिंह परिहार ने कहा कि, किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ, दवा का गलत या अधिक या बिना चिकित्सालय सलाह के बार-बार सेवन करना शामिल है। यह शरीर को कमजोर बनाता है, सोचने समझने की क्षमता को नष्ट कर देता है। आज कल लगभग सभी परिवारों में बिना चिकित्सक के सलाह के द्वारा होने वाली बीमारी जैसे बुखार, दर्द, सर्दी खांसी की दवा मेडिकल स्टोर से बिना चिकित्सा सलाह के ली जाती है, जिसके कारण शरीर में दवाई रोग के प्रति प्रतिरोध रेजिस्टेंस उत्पन्न हो जाता है, जब रोग हो जाता है, तो दवाई काम नहीं करती। किरण सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि, तंबाकू का सेवन आज गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, तंबाकू में निकोटिन और अन्य हानिकारक पदार्थ पाए जाते हैं, जो शरीर को विभिन्न अंगों को नुकसान पहुंचाते हैं, महाविद्यालय के आसपास दुकानों में तंबाकू खैनी, गुटका पाउच बेचने वाले के खिलाफ कोटपा धारा के तहत कार्रवाई की जाती है। साथ ही किसी भी प्रकार की सामग्री बेचने वालों की जानकारी देने के लिए कहा गया और इसकी रोकथाम करने हेतु जागरूक रहने की सलाह दी गई। सामाजिक कार्यकर्ता तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम बलराम सिंह साकेत ने नशीले पदार्थ एवं तंबाकू उत्पाद से दूर रहने का आव्हावन किया, साथ ही महाविद्यालय के आसपास दुकानों में निरीक्षण करने की बात कही। जिला अस्पताल दिलीप कुमार बसंत ने तंबाकू के दुष्प्रभाव एवं रोकने के उपाय के संबंध में छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। डॉ प्राची सिंह प्राचार्य ने तंबाकू और उससे बनने वाले उत्पाद के बारे में हेतु जन जागरूकता अभियान चलाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं संचालक राजेश कुमार घोषले सहायक प्राध्यापक ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने सहायक प्राध्यापक जितेन्द्र शर्मा, सुरेंद्र तिग्गा, प्रेमलता केरकेटा, प्राध्यापकगण अविनाश राठौर, अभय गुप्ता, डॉ डिंपल बंजारा, डॉ डेजी रानी दिवाकर, मधु यामिनी सोनी, मनोरमा भास्कर, नीतू राजपूत एवं कार्यालयीन कर्मचारी बलराम यादव, जगन्नाथ जांगड़े, अश्विनी चंद्राकर, इंदु बाला बंजारे, सुशीला अनंत, कलावती और छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं।

### निर्माणाधीन रेलवे लाइन से केबल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**कोरबा।** निर्माणाधीन रेलवे लाईन से केबल चोरी करने वाले गिरोह के 6 सदस्यों को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने केबल वायर व 5 हजार बिक्री रकम जब्त किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन रेलवे लाइन से लगभग 2सौ किलोग्राम केबल चोरी हो गई थी। जिसकी रिपोर्ट पर दीपका पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की छानबीन शुरु की थी। इस बीच मुखबिर से दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू को सूचना मिली कि कुछ आरोपी चोरी का केबल बेचने के फिराक में घूम रहे हैं सूचना पाते ही दीपका थाना प्रभारी श्री साहू ने अपने टीम के साथ आरोपियों को धरदबोचा। पकड़े गए आरोपियों में कसाईपाली, दीपका निवासी शत्रुघ्न रोहिदास, पिता इंद्रलाल रोहिदास, उम्र 35 वर्ष, परदेसी रोहिदास, पिता रामलाल रोहिदास, उम्र 30 वर्ष, बैसाखू रोहिदास, पिता परशुराम रोहिदास, उम्र 50 वर्ष, शनीराम अगरिया, पिता बहोरन सिंह अगरिया, उम्र 45 वर्ष, राकेश रोहिदास, पिता हीराराम रोहिदास, उम्र 18 वर्ष एवं गोबरघोरा निवासी अनुज महिलांगे, पिता शोभाराम महिलांगे, उम्र 26 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।